दैनिक

# राष्ट्रीय जनभावना


वर्ष-3, अंक-44
इन्दौर गुरुवार 8 मई 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com


**चाणक्य नीति**

दूसरों की गलतियों से सीखों, अपने ही अनुभव से सीखने को तुम्हारी आयु कम पड़ जाएगी।



चाणक्य







## ऑपरेशन सिंदूर: पहलगाम हमले का बदला लिया

# भारत ने पाकिस्तान पर 24 मिसाइल दागीं

## मस्जिद में मसूद अजहर के 10 रिश्तेदार मारे गए, आतंकियों के 9 ठिकानों पर 24 मिसाइल दागीं, 100 से ज्यादा की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम हमले के 15 दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर ही दी।**

इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात के बाद पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 7 शहरों के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं।पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डॉयरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा, भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं।

सूत्रों के हवाले से बताया कि पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर को पूरी रात मॉनिटर करते रहे। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मजबूत कार्रवाई का वादा देश की जनता से किया था।

उन्होंने कहा था कि आतंकियों की बची-खुची जमीन को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। इसके लिए भारत के सुरक्षाबलों को खुली छूट दी गई थी। 7 मई को 1:45 बजे के करीब सुरक्षाबलों ने पीओके और पाकिस्तान में आतंकवादियों के 9 ठिकानों पर हमला किया गया। इन हमलों में अब तक 100 से अधिक आतंकवादियों के मारे जाने की खबर सामने आ रही है। मुरदीके में 30 आतंकियों को मार गिराया गया। दूसरे कैंपों में भी दर्जनों आतंकवादी मारे गए हैं।

### हिजबुल का ट्रेनिंग कैंप, जैश का सबसे बड़ा हेक्वार्टर, लादेन की फंडिंग वाला मरकज ध्वस्त

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में एयरस्ट्राइक की है, जिसे सेना ने ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया है। यह कार्रवाई खुफिया एजेंसी रॉ के इनपुट पर की गई है। सेना ने 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक इनमें जैश-ए-मोहम्मद के 4, लश्कर-ए-तैयबा के 3 और हिजबुल मुजाहिदीन के 2 आतंकी ठिकाने शामिल हैं। भारतीय सेना ने बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के हेडक्वार्टर रहे मरकज सुब्हान को निशाना बनाया है। बहावलपुर शहर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है। इसके साथ ही भारत ने मुरीदके शहर के उमालकुरा मस्जिद को भी निशाना बनाया है। मुरीदके को लश्कर-ए-तैयबा का अहम केंद्र माना जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुरीदके में ही लश्कर का मरकज-ए-तैयबा परिसर है, जहां आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा भारत ने मुजफ्फराबाद में बिलाल मस्जिद और कोटली में अब्बत मस्जिद को निशाना बनाया है। मरकज सुब्हान अल्लाह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर शहर के बाहरी इलाके में मौजूद है। यहां युवाओं को प्रशिक्षित और ब्रेनवॉश किया जाता है। यह लगभग 15 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। 14 फरवरी 2019 के पुलवामा आतंकी हमले की प्लानिंग यही हुई थी। पुलवामा हमले के आतंकियों को इसी कैंप में प्रशिक्षण दिया गया था। इस मरकज में जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर, मुफ्ती अब्दुल रऊफ असगर, मौलाना अम्मार और 600 से अधिक सदस्यों का घर है। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के करीब 9 घंटे बाद सरकार, सेना और एयरफोर्स के अफसरों ने घटना की जानकारी दी। बुधवार सुबह 10:30 बजे मीडिया ब्रीफिंग से पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो प्ले किया गया। इसमें बताया गया कि मंगलवार रात 1:04 बजे से 1:11 बजे के बीच 7 मिनट में 9 टारगेट तबाह किए गए। हालांकि ऑपरेशन पूरा होने में कुल 25 मिनट का समय लगा। देश के इतिहास में पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस में आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी मौजूद थे।

### भारी गोलाबारी में 10 नागरिकों की मौत

जम्मू/श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर मंगलवार रात पाकिस्तान की ओर से की गई भारी गोलीबारी में एक महिला और दो बच्चों सहित कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि पाकिस्तान की ओर से रात भर की गई भारी गोलीबारी में पुंछ सेक्टर में एक महिला, दो बच्चों समेत दस लोगों की मौत हो गई और 45 घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सीमा पार से दागे गए मोर्टार शेल के घर में फटने से एक महिला की मौत हो गई । जबकि उसकी 13 साल की बेटी घायल हो गई। सीमावर्ती जिला पुंछ पाकिस्तान की गोलाबारी से सबसे अधिक प्रभावित रहा। उन्होंने कहा, पुंछ सेक्टर के अन्य हिस्सों में करीब 14 लोग घायल हुए हैं और राजौरी के ठंडीकासी इलाके में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हुए हैं।

### कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन की जानकारी दी

मंगलवार-बुधवार की रात 1.05 से 1.30 बजे के बीच ऑपरेशन हुआ। पहलगाम में निर्दयता से जिन निर्दोष पर्यटकों को मारा गया, उसके लिए यह ऑपरेशन किया गया। पाकिस्तान में 3 दशकों से आतंकवादियों का निर्माण हो रहा है। हमले के बाद भी यह सामने आया है। हमने पाकिस्तान और PoK में 9 टारगेट चुने थे और स्ट्राइक में इन्हें तबाह कर दिया गया। इन जगहों पर लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स को टारगेट किया गया। हमने विश्वसनीय सूचनाओं और इंटेलिजेंस के आधार पर इन लक्ष्यों को चुना। ऑपरेशन के दौरान हमने यह निश्चित किया कि बेगुनाह लोगों और सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान न पहुंचे। PoK में सबसे पहले टारगेट सवाई नाला मुजफ्फराबाद में था, यह लश्कर का ट्रेनिंग सेंटर था। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम हमले के आतंकियों ने यहीं ट्रेनिंग ली। मुजफ्फराबाद के ही सैयदना बिलाल कैंप में आतंकियों को हथियार, विस्फोटक और जंगल सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी।



### विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा

पहलगाम हमला कायरतापूर्ण था। इसमें परिवार के सामने लोगों की हत्या की गई, उनके सिर में गोली मारी गई। बचे हुए लोगों से कहा गया कि वे इस हमले का संदेश पहुंचाएं। पिछले साल सवा 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक कश्मीर आए थे। हमले का मकसद था कि कश्मीर के विकास और प्रगति को नुकसान पहुंचाकर पिछड़ा बनाए रखा जाए। हमले का यह तरीका जम्मू-कश्मीर और देश में सांप्रदायिक दंगे फैलाने कोशिश था। एक समूह ने खुद को TRF कहते हुए हमले की जिम्मेदारी ली। इसे UN ने प्रतिबंधित किया है और यह लश्कर से जुड़ा है। पाकिस्तान स्थित समूहों के लिए कवर के तौर पर TRF का इस्तेमाल किया गया।



### देश हमारी ओर देख रहा था, ये तो होना ही था: पीएम मोदी



भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कैबिनेट बैठक में पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (ISPR) के डॉयरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा, भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं।

### सेना ने पाकिस्तान को दी सजा: राजनाथ सिंह

पहलगाम आतंकी हमले के गुनाहगारों को सजा देते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक की है। डिफेंस मिनिस्ट्री ने इस मामले X पर पोस्ट कर जानकारी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हमले के बाद X पर पोस्ट कर कहा, भारत माता की जय! न्यूज एजेंसी ANI द्वारा सूत्रों के हवाले से दी गई जानकारी के अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेना प्रमुखों से बात की है और हालातों का जायजा लिया है। भारतीय सेना के इस ऑपरेशन पर यूएस स्टेट डिपार्टमेंट के प्रवक्ता ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ANI से कहा कि हमें रिपोर्ट्स की जानकारी है।



# देश के 18 एयरपोर्ट्स पर ऑपरेशन बंद

## 200 फ्लाइट्स कैंसिल; एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट ने 15 शहरों में उड़ानें रद्द कीं



**श्रीनगर/जयपुर/अमृतसर/अहमदाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक के बाद भारत ने 7 राज्यों के 18 एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स ऑपरेशन बंद कर दिए हैं। इनमें से बड़े एयरपोर्ट श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, बीकानेर, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर हैं।**

यह एयरपोर्ट्स पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। हालांकि न्यूज एजेंसी PTI ने अस्थायी रूप से बंद 11 एयरपोर्ट के नाम दिए हैं, 7 के नाम सामने नहीं है। एअर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस, आकासा एयर और कुछ विदेशी एयरलाइंस ने करीब 200 फ्लाइट्स को कैंसिल किया है। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। करतारपुर कॉरिडोर को भी बंद कर दिया गया है। यहां से सिख श्रद्धालु पाकिस्तान में करतारपुर साहिब के दर्शन करने जाते थे। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और क्श्य में 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। एअर इंडिया ने 9 शहरों के लिए लिए सभी उड़ानें 10 मई की सुबह 05:29 बजे तक रद्द कीं। ये शहर हैं- जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट। इंडिगो ने 11 शहरों की सभी फ्लाइट्स 10 मई की सुबह 05:29 बजे तक रद्द कीं। ये शहर हैं- जम्मू, श्रीनगर, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर, ग्वालियर, किशनगढ़ और राजकोट। स्पाइसजेट ने 6 शहरों की सभी उड़ानें 7 मई तक रद्द कीं। ये शहर हैं- लेह, श्रीनगर, जम्मू, कांगड़ा (हिमाचल), कांडला (गुजरात) और अमृतसर। 10 मई तक इंडिगो की 165 डोमेस्टिक फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। एयरलाइंस हर दिन करीब 2200 फ्लाइट्स ऑपरेट करती है। दिल्ली एयरपोर्ट पर अलग-अलग एयरलाइंस की 20 फ्लाइट्स कैंसिल हुई है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच धर्मशाला एयरपोर्ट को बंद करने के कारण IPL 2025 मैच के लिए मुंबई इंडियंस की धर्मशाला यात्रा में देरी हो गई है।

### मोदी सरकार किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने को प्रतिबद्ध



नई दिल्ली। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारत की सर्जिकल कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर देश के शीर्ष नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि मोदी सरकार भारत और देश के नागरिकों पर किए जाने वाले किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए तैयार है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी इस पर तीखा संदेश दिया। उन्होंने कहा, कि छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि भारत की आत्मा पर हमला करने वालों को कड़ी सजा मिलेगी। उन्होंनं कहा, भारत आतंकवाद को उसकी जड़ से उखाड़ फेंकने में सक्षम भी है और संकल्पबद्ध भी।

## संपादकीय

# आतंक के खिलाफ निर्णायक जंग की ओर भारत



पहलगाम हमले के 15 दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर ही दी। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात के बाद पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 7 शहरों के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया । अब तक मिली जानकारी के मुताबिक इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मार गिराए। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डॉयरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा, भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। पहलगाम हमले के बाद जिस तरह दुनिया के अनेक देश भारत के समर्थन में खड़े नजर आ रहे हैं, उससे निश्चय ही पाकिस्तान में पल रहे आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध को बल मिला है। सब जानते हैं कि पाकिस्तान सदा से भारत के विरुद्ध आतंकवाद को पोसता और एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। विश्व आतंकवाद की सूची में भी वह दुनिया में सबसे ऊपर के देशों में शुमार है। इसलिए चीन को छोड़ कर शायद ही किसी का पाकिस्तान को खुला समर्थन है। पहलगाम की घटना के बाद देश में जनाक्रोश है। पर सरकार अभी रणनीतिक रूप से संयम बरत रही है, तो उसकी वजहें साफ हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा है कि सैन्य कार्रवाई समस्या का समाधान नहीं है। मगर रूस, जापान, अमेरिका आदि ने आतंकवाद से निपटने में भारत का समर्थन किया है। फिर भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। पहलगाम हमले के बाद से ही वह लगातार नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर रहा है। वह संघर्ष विराम का उल्लंघन कर एक तरह से भारत को उकसा रहा है। मगर भारत अभी सही समय के इंतजार में है। यह तो साफ है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए केवल सैन्य कार्रवाई काफी नहीं है। उसके खिलाफ लंबे वक्त की रणनीति बना कर हमले करने होंगे।


# अधूरी ममता की पूरी तस्वीर

**कहानी**

बरसों से सुमन के दिल में एक अधूरी ख्वाहिश पल रही थी – काश, मेरी भी एक बेटी होतीज शायद इसीलिए, दो प्यारे बेटों सनी और क्रिष की माँ होते हुए भी, उसके दिल में एक टीस बनी रही – एक बेटी की आस, जो कभी पूरी नहीं हुई। उसे लगता था कि उसके दिल के कोने में एक खालीपन था जिसे सिर्फ एक बेटी ही भर सकती थी। सुमन खुद अपनी माँ के बेहद करीब थी। हर छोटी-बड़ी बात वह अपनी माँ से कह पाती थी, खुलकर सब बातें बताती थी घर की, ऑफिस की, सहेलियों की और अड़ोस पड़ोस की । उसे लगता था, माँ-बेटी का रिश्ता कुछ खास होता है – एक ऐसा रिश्ता, जहाँ शब्दों की ज़रूरत नहीं होती, दिल की बात आँखों से समझी जाती है।

और शायद इसी वजह से वह समझ बैठी थी कि माँ अपना मन बेटियों से तो कह सकती है, पर बेटों से नहीं दिन बीते, साल गुजरे और आज उसके दोनों बेटे युवा हो गए । दोनों बेटों को भी लगता था , माँ कहीं ना कहीं उनमे एक बेटी ढूँढती है । हर कुछ दिन में घर में कोई ना कोई बात ऐसी ज़रूर निकलती – अगर बेटी होती तो ये होता, वो ऐसा करतीज – जैसी बाते सुमन की बातचीत का हिस्सा बनी रहती ।

साल दर साल बीते, समय



की रफ्तार तो बढ़ती रही, पर सुमन की सोच वहीं ठहरी रही। दोनों बेटे समय के साथ ज़्यादा समझदार और जबाबदार हो गए । दोनों उसका बहुत ध्यान रखते । जो काम सुमन ने हमेशा एक बेटी के हिस्से सोचे थे, अब वही काम उसके बेटे पूरे मन से निभाने लगे थे। रसोई से लेकर पूजा की थाली तक, सबमें उनका साथ था – खाना बनाना हो, सफाई करनी हो । यहाँ तक की तीज त्योहारों पर मिठाई, रंगोली से लेकर उसके हाथों में मेहंदी बनाने में भी सुमन की मदद करते। अब सुमन अकेली नहीं थी। बेटों की ममता भरी भागीदारी ने उसे एहसास कराया कि रिश्तों की गहराई सिर्फ नामों से नहीं, भावों से बनती है। सुमन को एहसास होने लगा कि वह गलत थी। इन सालों में उसके बेटों ने न सिर्फ बेटे, बल्कि उसके सच्चे दोस्त की भूमिका निभाई है।

अब उसे ये भी समझ में आने लगा कि उसकी बार-बार दोहराई गई वो कसक – काश, मेरी भी एक बेटी होती – अनजाने में उसके बेटों को कहीं न कहीं ठेस पहुँचा गई होगी।

एक शाम, जब वह चुपचाप बैठी अपने पुराने एल्बम पलट रही थी, उसका बड़ा बेटा सनी उसके पास आकर बोला, मम्मी, आपको हमेशा एक बेटी की कमी खलती है ना ? आप एक बेटी को गोद क्यों नहीं ले लेती? ये सुनकर सुमन की आँखें भर आई। उसने बेटे का हाथ थामा और कांपती आवाज़ में कहा, नहीं बेटा, मैं अब समझ पाई हूँ कि बेटी की चाह में मैंने क्या-क्या अनमोल पाया हुआ अनदेखा कर दिया। तुम दोनों तो मेरी वो दौलत हो, जिनमें मुझे अब अपनी बेटी भी दिखाई देती हैज मेरी ताकत, मेरी सहेली, मेरी पूरी दुनिया। उस पल सनी ने सुमन को गले लगा लिया, और सुमन की आँखों से बहते आँसू इस बार सिर्फ पश्चाताप के नहीं थे – उसमें राहत थी, स्वीकार था, और एक नई शुरुआत का सुख भी।

कभी-कभी हम ज़िंदगी में जिस चीज़ की तलाश करते हैं, वो हमारे पास होती है – बस हम उसे पहचान नहीं पाते। सुमन ने भी जब अपनी इच्छाओं के शोर से थोड़ा हटकर उस प्यार को महसूस किया, तो उसे एहसास हुआ कि ममता और अपनापन किसी एक रिश्ते तक सीमित नहीं होते।

बेटे भी वही कर सकते हैं जो बेटियाँ करती हैं – बस ज़रूरत होती है खुलकर देखने और दिल से स्वीकार करने की। असल में बेटा-बेटी में फर्क तो है ही नहीं, फर्क बस हमारे सोचने के तरीके में है।

**रत्ना अजय यादव पुणे**

# अब वो सुकून नहीं...

गांव की वो कच्ची गलियाँ, मिट्टी की सौंधी महक, सुबह मुर्गे की बाँग, गायों का रंभाना और चौपाल पर बैठे बड़े बजुर्गों की हँसी - ये सब जीवन का हिस्सा था राहुल का, जिसे वो सुकून कहता था। राहुल का परिवार छोटे से गाँव में रहता था। बड़ा सा आँगन, नीम का पेड़, पास ही खेत थे। सांझ होते ही चूल्हे की रोटियों में घुलती माँ की ममता। पिताजी खेत से लौटते तो सारा परिवार साथ बैठ भोजन करता। गांव में प्रेम था, सम्मान था, और सबसे ज़्यादा था - अपनापन। पर सपनों ने पंख फैलाए। राहुल की पढ़ाई पूरी होते ही, दोस्तों के साथ ने, शहर की चमक ने उसे खींच लिया। शहर में बड़ा आदमी बनूंगा, वो बोला और माँ-बाप ने आँसू रोक कर विदा किया। शहर आया, भीड़ में खो गया। बड़ी-बड़ी इमारतें, तेज़ भागती ज़िंदगी, कहीं समय नहीं था किसी के पास। हर मुस्कान के पीछे एक स्वार्थ छिपा था, हर रिश्ता किसी न किसी मकसद से जुड़ा था। पढ़ाई पूरी होते ही राहुल वहीं पर अच्छी कंपनी में नौकरी करने लगा। राहुल की ज़िंदगी मशीन सी बन गई। पैसे आए, शोहरत आई, पर दिल में खालीपन भी साथ आया। बचपन के दोस्त जो उसे शहर ले गए। अब कॉल पर भी नहीं मिलते, यहाँ तो पड़ोसी का नाम तक नहीं पता। एक दिन ऑफिस से थक कर लौटते हुए राहुल की नज़र एक वृद्ध पर पड़ी जो सड़क किनारे बैठे थे। चेहरा कुछ-कुछ पिताजी जैसा। दिल भीग गया। वो समझ गया - शहर ने उसे सब कुछ दिया, सिवाय उस सुकून के। अगले ही दिन वो गाँव लौट आया। घर वही था, पेड़ वही थे, पर अब माँ नहीं थीज पिताजी भी नहीं। वो आँगन अब खामोश था। राहुल देर से समझा - शहर ने उसे बहुत कुछ दिया, पर जो सबसे ज़रूरी था, वो वहीं गांव में छूट गया था। आज राहुल शहर जाने वाले हर व्यक्ति को यही समझाता - जहाँ प्रेम, सम्मान और अपनापन ना हो, वहाँ की रौनक भी अधूरी होती है। सपनों के पीछे भागो, लेकिन अपनी जड़ों को मत भूलोज क्योंकि असली सुकून वहीं होता है जहाँ दिल को अपनापन मिले।



**वीणा वैष्णव रागिनी**
**राजस्थान**

# छाँव की तलाश

**कहानी**

झुलसती दोपहरी थी। जून का महीना। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर एक बूढ़ा आदमी धूप से बचने के लिए दीवार की आड़ में बैठा था। सिर पर पुरानी मैली टोपी, आँखों पर धूप से चुराई गई वीरानी, और गोद में एक फटा सा थैला। थैले में क्या था, कोई नहीं जानता था, पर उसकी आँखों में जो खालीपन था, वो शायद सब कुछ कह जाता था। उसका नाम रामकिशोर था – कभी सरकारी स्कूल में गणित पढ़ाया करता था। पूरा जीवन ईमानदारी से बिता दिया। कभी किसी से रिश्वत नहीं ली, कभी स्कूल की कापियों के बिल में भी झूठ नहीं बोला। पत्नी सीता और एक बेटा अजय। दोनों को ही सिर से लगाकर रखा। सीता अब इस दुनिया में नहीं थी, और अजय अब शायद किसी और दुनिया में था। कहाँ जाना है बाबा? एक चायवाले लड़के ने पूछ लिया। जहाँ छाँव मिले, बेटा, बूढ़े ने मुस्कराते हुए कहा। छाँव? ये तो पूरा प्लेटफार्म धूप से जल रहा है बाबा, लड़के ने हँसते हुए कहा। रामकिशोर भी मुस्करा दिया, पर उस मुस्कराहट में एक थकान थी – वर्षों की थकान। कुछ दिन पहले की बात थी – बेटा अजय, जो अब मुंबई में एक बड़ी कंपनी में मैनेजर था, उसे खुद लेने गाँव आया था। पहली बार ऐसा हुआ था। बाबा बहुत खुश हुए। सफ़ेद कुरता पहन लिया, पुराने बक्से में रखे शादी के एल्बम दिखाए, और सीता की तस्वीर को देखते हुए बोले – देखो सीता, हमारा बेटा बड़ा आदमी बन गया है, अब हमें भी शहर की ज़िंदगी देखने मिलेगी। अजय ने बाबा को मुंबई ले तो आया, लेकिन वहाँ आते ही कहानी बदल गई। बाबा, आप ज़रा धीरे चलिए, सोसाइटी के लोग देखेंगे तो क्या कहेंगेज बाबा, टीवी की आवाज़ कम करो, मेरी मीटिंग चल रही हैज बाबा, मेहमानों के सामने पुराने जमाने की बातें मत किया करोज धीरे-धीरे बाबा एक कमरे तक सीमित कर दिए गए। बेटे के पास समय नहीं था, बहू के पास सहनशीलता नहीं थी, और पोते के पास याद नहीं था कि कोई दादा भी रहते हैं। एक दिन पोते ने पूछा, पापा, ये बाबा कब जाएंगे? उस दिन रामकिशोर की आँखों से जो दो बूँदें गिरीं, वो शायद अंतिम थीं। उन्होंने अगले दिन सुबह उठकर अपनी पुरानी पोटली बाँधी, और बेटे के ऑफिस जाने से पहले निकल पड़े। बस एक चिट्ठी छोड़ दी− बेटा अजय, मैंने तुझे जीवन भर सिखाया कि कैसे जोड़ते हैं नंबर, लेकिन ये भूल गया कि दिल कैसे जोड़ते हैं। तेरे पास सब कुछ है – पैसा, इज़्ज़त, रुतबा – बस एक चीज़ नहीं है, वो है समय। मैंने तुझे बड़ा किया, ये सोचकर कि तू मेरा सहारा बनेगा, पर अब समझ आया कि जीवन की सबसे बड़ी भूल यह थी कि उम्मीद अपने ही बच्चों से की।

मैं जा रहा हूँ, किसी ऐसी जगह, जहाँ कोई सवाल नहीं पूछता, जहाँ कोई चाय पिलाने से पहले घड़ी नहीं देखता, और जहाँ छाँव बिना बताई मिल जाती है। तेरा – बाबा और आज वो रामकिशोर इस प्लेटफॉर्म पर बैठे थे। सुबह से कई ट्रेनें आईं और चली गईं, पर बाबा नहीं गए।

**डॉ. सिद्धार्थ कुमार जौहरी,**

# चूहों की लापरवाही और शराब

दुनिया में जहाँ बहुत सारे सुख हैं। वहाँ गैर जिम्मेदार होने का सुख भी बहुत अनुपम सुखों में से एक है। मैं दावे के साथ कह सकता हूँ, कि इस सुख का मजा कोई जिम्मेदार व्यक्ति कभी नहीं ले सकता। जितना सुख गैरजिम्मेदार व्यक्ति लेता है। ऐसे लोग हमारे देश में बहुत तादाद में मिल जायेंगें। जो आसानी से चीजों को गुमा देते हैं। गुम जाना जैसे कोई छोटी बात हो। या कोई बहुत ही सामान्य घटना हो उनके लिये। गृहणियाँ गुमाने में बहुत होशियार होती हैं। ऐसी ही एक गृहणी बड़े भाई की माताजी भी हैं। जो चीजों को बहुत जल्दी गुमा देतीं हैं। और बड़े भईया के पिताजी चीखते - चिल्लाते रहते हैं, कि तुम्हारा रखा हुआ सामान भगवान् को भी नहीं मिलेगा। मैं कभी- कभी सोचता हूँ, कि जब भगवान् ने दुनिया बनाई है। और उसी दुनिया में बड़े भाई साहब के माँ को भी बनाया है। तो भगवान् को कैसे पता नहीं होगा, कि अमुक चीज कहाँ रखी हुई है। बहरहाल , बड़े भईया के पिताजी भी कम नहीं है। एक बार बस से कहीं जा रहे थे। तो अपना बैग गुमा दिया। गैर जिम्मेदार लोगों की पहचान।

नंबर -1 चीजों को जहाँ से उठायेंगे. वहाँ नहीं रखेंगे।

2.आपसे लिया सामान लेकर भूल जायेंगे।

3. उनका जूता कहीं और मिलेगा और उनकी जुराबे कहीं और।

4.आपको समय देकर भूल जायेंगे।

ये अपनी गैरजिम्मेदारी को अपनी भूलने वाली खोल में छुपाकर रखते हैं। जैसे ही आप कहेंगें। आप बहुत गैरजिम्मेदार हैं। वो अपनी बत्तीसी चमका देंगे। कहेंगें क्या करें सर भूल जाता हूँ। उनके पास एक खोल है। भूलने की आदत वाली। कछुए की तरह जब भी उनको कहीं से खतरा महसूस होता है। वो भूलने की खोल में छुप जाते हैं। और दाँत दिखा देते हैं। ऐसे लोग प्राय− आपको हर जगह मिल जायेंगें। जिम्मेदार लोग तरह -तरह की जिम्मेदारियाँ निभाते -निभाते एक दिन टें बोल जाते हैं। मौज में रहते हैं गैरजिम्मेदार लोग। ऐसे ही एक गैर जिम्मेदार लोग में हैं। छोटे भाई साहब। छोटे भाई साहब गैर जिम्मेदार हैं। इतने गैरजिम्मेदार हैं, कि सब कुछ भूल जाते हैं। सबकुछ मतलब सबकुछ। जिम्मेदार लोग किशोरावस्था से जिममेदारी उठाने लायक हो जाते हैं। और उठाते भी हैं। इनमें ढाबों पर काम करने वाले छोटी - छोटी उम्र के लड़के आपको दिख जायेंगे। वक्त ने इनको बहुत कम उम्र में ही बड़े - बड़े तेजाबी तजुर्बे दे दिए होते हैं। और गैरजिम्मेदार लोग साठ में भी खाट तोड़ते नजर आ जायेंगे। गुमाने में सचिवालय भी अव्वल आता है। अभी प्रदेश में नियुक्ति से जुड़ी फाईलों में आग लग गई। व्यंग्य की भाषा मे अगर हम गुमाने और आग लगने की घटना को एक ही मान लें। जिसको कम -से -कम मुझे व्यंग्यकार होने के चलते छूट मिलनी चाहिए। क्योंकि दोनों घटनाओं में लापरवाही ही नजर आती है।तो सचिवालय से नियुक्ति की फाइलें गुम गईं या जला दी गईं। दोनों को अपनी सुविधा के अनुसार आप कुछ भी मान सकते हैं। लेकिन मैं गुम होना ही मान लेता हूँ। बिहार में हजारों काटून शराब चूहे पी गये। इसे भी हम चूहों की लापरवाही ही मान लेते हैं। और ये कह सकते हैं , कि चूहों ने शराब की हजारों बोतलें कहीं गुमा दी। इस हिसाब से अगर देखा जाए। तो अब आदमी के साथ - साथ जानवर भी गैर जिम्मेदार हो गये हैं! भूलने के अपने फायदे हैं। आप खुद चीजों को भूलकर दूसरों को टेंशन दे दीजिए। भूलने से आपको एक तरह के नहीं बल्कि अनेकों फायदे हैं। भूलने से आपका दिमाग चुस्त - दुरूस्त रहता है। आप हमेशा टेशन फ्री रहते हैं। भले ही लोग आपको गैर-जिम्मेदार कहें। आपका कौन सा घर से कुछ लगता है। गैर-जिम्मेदार शब्द आपके शरीर से थोड़े ही चिपक जाता है। भूलने से आदमी का ग्लूकोज नियंत्रित रहता है। बी. पी. की समस्या नहीं रहती !

**महेश कुमार केशरी**
**C/O- मेघदूत मार्केट फुसरो**

## व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....

# भारत-पाक तनाव के बीच शेयर बाजार हल्की बढ़त पर खुला

### सेंसेक्स 55 अंक लुढ़का, निफ्टी 24,400 के नीचे फिसला

**मुंबई ।** वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुख और पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में तनाव के बीच भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को थोड़ी बहुत बढ़त के साथ खुला। टाटा मोटर्स और बैंकिंग शेयरों में बढ़त से बाजार को सपोर्ट मिला। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को मजबूती के साथ 80,912.34 अंक पर खुला। हालांकि, खुलने के कुछ ही देर में यह लाल निशान में फिसल गया। सुबह शुरुआत में सेंसेक्स 57.16 अंक की गिरावट लेकर 80,689.62 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी मजबूती के साथ ओपन हुआ। हालांकि, इंडेक्स में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।यह 31.05 अंक की कमजोरी के साथ 24,383.35 अंक पर कारोबार कर रहा था। पिछले सत्र में सेंसेक्स 105.71 अंक बढ़कर 80,746.78 पर और एनएसई निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24,414.40 पर बंद हुआ था। वहीं एशियाई बाजारों में चीन का सीएसआई 300 0.16 प्रतिशत ऊपर था जबकि शंघाई 0.01 प्रतिशत नीचे था।



हांगकांग का हैंग सेंग 0.45 प्रतिशत नीचे और जापान का निक्केई 0.07 प्रतिशत ऊपर जबकि ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.12 प्रतिशत ऊपर था। वॉल स्ट्रीट इंडेक्सिस में बुधवार को बढ़त दर्ज की गई। सेमीकंडक्टर स्टॉक्स में तेजी से बाजार चढ़कर बंद हुए। रिपोर्ट्स के अनुसार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चिप्स पर विनियमन में ढील दी जाएगी। इसके चलते सेमीकंडक्टर स्टॉक्स में तेजी आई। नैस्डैक 0.27 प्रतिशत, एसएंडपी 500 0.43 प्रतिशत और डॉव जोन्स 0.7 प्रतिशत ऊपर कारोबार कर रहा था।

# रुपया बुधवार को 42 पैसे गिरकर 84.77 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था

**मुंबई ।** रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 23 पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.54 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी के निरंतर प्रवाह और डॉलर कमजोर होने से स्थानीय मुद्रा को बल ?मिला, हालांकि भू-राजनीतिक तनाव निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित कर रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.61 प्रति डॉलर पर खुला और फिर डॉलर के मुकाबले 84.65 पर लुढ़क गया। हालांकि बाद में 84.54 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 23 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बुधवार को 42 पैसे की गिरावट के साथ 84.77 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.65 पर रहा।

# सभी पेट्रोल पंपों पर 10 मई से डिजिटल पेमेंट बंद

- अब पेट्रोल-डीजल सिर्फ कैश में मिलेगा
- पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने किया ऐलान
- पेट्रोल पंप मालिकों की साइबर फ्रॉड से तंग आकर लिया निर्णय

**नई दिल्ली ।** देश भर में जहां डिजिटल लेन–देन को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं एक बड़ा फैसला महाराष्ट्र के नागपुर से सामने आया है, जिसने रोजाना पेट्रोल पंप पर जाने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है। मोबाइल स्कैन कर पेट्रोल भरवाने वाले वाहन चालकों के लिए अब मुश्किल खड़ी होने वाली है, क्योंकि नागपुर के सभी पेट्रोल पंपों पर डिजिटल पेमेंट बैन कर दिया गया है।

विदर्भ पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने ऐलान किया है कि 10 मई से नागपुर के सभी पेट्रोल पंपों पर डिजिटल पेमेंट को पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इसका सीधा मतलब है कि अब पेट्रोल या डीजल भरवाने के लिए आपको कैश लेकर जाना जरूरी होगा, वरना आपको ईंधन नहीं मिलेगा। फिलहाल लोग पेटीएम, गूगल पे, फोनपे, कार्ड आदि के जरिए भुगतान करते हैं, लेकिन यह सुविधा कुछ ही दिनों में बंद हो जाएगी। पेट्रोल पंप संचालकों ने पहले से ही ग्राहकों को सतर्क करना शुरू कर दिया है। यह निर्णय किसी तकनीकी खराबी या सरकारी आदेश के तहत नहीं लिया गया, बल्कि पेट्रोल पंप मालिकों की साइबर फ्रॉड से तंग आकर लिया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि पिछले कुछ समय में लगातार ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां लोग नकली या फर्जी डिजिटल ट्रांजेक्शन दिखाकर पेट्रोल भरवा लेते हैं। इसके बाद वे राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर झूठी शिकायत दर्ज करवा देते हैं कि उनका पैसा काट लिया गया, जिससे पेट्रोल पंप मालिकों के बैंक खाते सीज (फ्रीज़) हो जाते हैं।

# इनसाइडर ट्रेडिंग मामले में ओला इलेक्ट्रिक की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**नई दिल्ली ।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की इनसाइडर ट्रेडिंग के मामले में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है कि बाजार नियामक सेबी अक्टूबर और दिसंबर 2024 के बीच इनसाइडर ट्रेडिंग के दो मामलों में भाविश अग्रवाल की अगुआई वाली ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट में उल्लिखित है कि ओला इलेक्ट्रिक द्वारा संबंधित पार्टी लेनदेन भी सेबी के रडार पर है। इस खबर के बाद ओला इलेक्ट्रिक के शेयर बिकवाली मोड में नजर आए। पिछले सप्ताह करीब 48 रुपये के स्तर पर शेयर एक फीसदी टूटकर गिरे। इसके अलावा ओला इलेक्ट्रिक को अपने कुछ स्टोरों के लिए व्यापार प्रमाणपत्रों के संबंध में चार राज्यों में नोटिस भी मिले और कंपनी ने बताया है कि उसे इसका जवाब देने की प्रक्रिया में है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार महाराष्ट्र के अधिकारियों ने ओला को एक नोटिस भी भेजा है, जिसमें महाराष्ट्र में 100 से अधिक शोरूम को तत्काल बंद करने का आदेश दिया गया था। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में ओला इलेक्ट्रिक ने बताया है कि उसने फरवरी में 25,000 इकाइयां बेचीं और इसकी बाजार हिस्सेदारी 28 प्रतिशत रही। इसके बावजूद, भारी उद्योग मंत्रालय और भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से ओला इलेक्ट्रिक को ईमेल प्राप्त हुए हैं, जिसमें बिक्री आंकड़ों के बड़े अंतर के कारण पूछे गए हैं। इस समय, ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड को अच्छे संपर्कों और संस्थागत शुद्धता की जरूरत है ताकि विश्वासित होकर निवेश किया जा सके और कंपनी की मुद्राओं पर स्थिरता बनी रहे।

## उच्च न्यायालय के निर्देश पश्चात श्री आस्था फाउंडेशन फार एजुकेशन समिति के चुनाव संपन्न



इन्दौर। उच्च न्यायालय इंदौर के आदेश के पालन में एलएनसीटी विद्यापीठ यूनिवर्सिटी और एलएनसीटी मेडिकल कालेज का संचालन करने वाली संस्था श्री आस्था फाउंडेशन फार एजुकेशन समिति की प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए। इसके बाद घोषित परिणाम में जयनारायण चौकसे अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए।

उन्होंने कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर भी पदाधिकारियों का मनोनयन किया। बता दें कि श्री आस्था फाउंडेशन फार एजुकेशन समिति के निर्वाचन के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के आधार पर उच्च न्यायालय, इंदौर द्वारा रिट याचिका क्रमांक 27769/2023 में 21 अप्रैल को आदेश पारित कर 15 मार्च 2024 की सदस्यता सूची के अनुसार चार सप्ताह में निर्वाचन कराने के आदेश दिए गए थे।

## मेडिकल कॉलेज को किया पिच रोलर भेंट



इन्दौर। केईएच के पीछे स्थित मैदान में हरियाली, समतलीकरण, पिच निर्माण में सहयोग देने के बाद अब एमजीएम एलुमनाई एसोसिएशन के सदस्यों ने एक औपचारिक कार्यक्रम में एमजीएम मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. घनघोरिया को औपचारिक रूप से रोलर भेंट कर उसकी चाबियां सौंपी। इस दौरान एलुमनाई अध्यक्ष डॉ. संजय लोंढे, सचिव डॉ. विनीता कोठारी, डॉ. सुमित शुक्ला, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. शेनल कोठारी, डॉ. ब्रजेंद्र शेखावत, स्पोर्ट्स कमेटी चेयरमैन डॉ. विकल्प तिवारी, डॉ. मार्को व खिलाड़ी छात्र उपस्थित थे। ज्ञात हो कि एमजीएम एलुमनाई एसोसिएशन इंदौर द्वारा एमजीएम मेडिकल कॉलेज छात्रों की सुविधा के लिए सतत सहयोग किया जाता रहा है। इसी श्रृंखला में कॉलेज को यह पिच रोलर भेंट किया गया है।

## धानुक समाज की समाजसेविका श्रीमती कृष्णा केमें का निधन



इंदौर। धानुक समाज की समाजसेविका श्रीमती कृष्ण केमें मुन्नी केमें का निधन हो गया है। भोडी वालों की बहू श्री भुजबल के में की धर्मपत्नी एवं कैलाश चंद के में प्रभु दयाल के में हीरा पहलवान केमें मदन केमें श्याम केमें की भाभी जी तथा देवचंद खाड़ोलिया महेश खाड़ोलिया की बहन रविकांत तिवारी की धर्म बहन एवं बिल्लू टेटवार योगेश टेटवार अमित खाड़ोलिया राजू खाड़ोलिया की बुआ जी एवं लक्ष्मण के में बंटी श्रीवास बंटी के में लालू केमें रिंकू केमें की माताजी का निधन 6 तारीख मंगलवार को हो गया है। जिनके अंतिम यात्रा स्कीम नंबर 51 से बुधवार 7 मई से निकलकर कुमार खाड़ी बंगा पर समाप्त हुई अंतिम यात्रा में सैकड़ो लोग उपस्थित थे। जानकारी हीरा पहलवान केमैं ने दी।

# एंजेल और डेविड लोक में स्टूडेंट्स ने किया रैंप वॉक

## आईपीएसए अकादमी आईएफटी में एनुअल फेस्ट फैशोमेनिया का शानदार आयोजन

इंदौर। इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, आईपीएस अकादमी द्वारा तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव फैशोमेनिया का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता, उत्साह और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पहले दिन फैशन शो का आयोजन हुआ, जिसकी मुख्य थीम एंजेल-डेविल रही।






बी. डिजाइन प्रथम वर्ष के छात्रों ने खुद के डिजाइन किए गए परिधानों के साथ एंजेल और डेविल थीम को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। एंजेल लुक में सफेद ड्रेस, मोतियों के आभूषण और सौम्य मेकअप ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि डेविल लुक में बोल्ड ब्लैक और मैरून परिधानों ने मंच पर गहराई और प्रभाव डाला। छात्रों की उम्दा कोरियोग्राफी और आत्मविश्वास ने पूरे रैंप वॉक को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसे अकादमी के किसी ऑडिटोरियम में न रखकर खुले परिसर में आयोजित किया गया, जहां सभी छात्रों को बिना पास के प्रवेश मिला और भारी भीड़ उमड़ी। दर्शकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागियों की हौसलाअफजाई की। पहले दिन ही पीजी इन फैशन डिजाइन कोर्स के विद्यार्थियों ने न्यूयॉर्क नाइनटीज थीम पर बेहतरीन परिधान पहनकर अत्यंत प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर की झलक प्रस्तुत की।

इसी दिन पारंपरिक खेलों का भी आयोजन हुआ जिसमें रस्सी खींच, सितोलिया और दुपट्टा लपेट जैसे खेल शामिल थे। छात्रों ने इन खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और मनोरंजन के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का प्रयास किया।

दूसरे दिन विवाह थीम पर आधारित फूड स्टॉल्स लगाए गए। हर स्टॉल को किसी न किसी विवाह रस्म की झलक के अनुसार सजाया गया-कोई मेहंदी को दर्शाता तो कोई हल्दी या सगाई को। सभी प्रतिभागियों और अध्यापकों ने विवाह में शामिल होने वाले परिधानों को अपनाया और आयोजन को जीवंत बना दिया। पूरे परिसर को सजाकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो सचमुच कोई भव्य विवाह समारोह आयोजित हो रहा हो। दर्शकों के लिए एक विशेष सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया, जहां लोगों ने उत्साह के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और इस अनुभव को कैमरे में कैद किया।

तीसरे दिन नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। समापन सत्र में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल और सम्मान प्रदान किया गया। फैशन शो में ऋतिका परमार को बेस्ट रैंप वॉक के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि वंशिका बरोड़ और कृष्णा तोतलानी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। बेस्ट रैंप लुक का पुरस्कार अर्चना सिंह को मिला, वंशिका शर्मा और याशी डोंगरे दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं। तनीषा राठौर को सर्वश्रेष्ठ एंकरिंग के लिए सम्मानित किया गया, जबकि पलक पटेल को बेस्ट डेब्यू एंकर घोषित किया गया।

विवाह थीम पर आधारित बेस्ट स्टॉल डेकोरेशन के लिए आरती कुशवाहा और काजल सावले को प्रथम, तथा पलक पिचोड़वाल और राजनंदनी चौहान को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। सानिया रोहिरा और अनुष्का सोलंकी को यूनिक फूड स्टॉल के लिए और वैदेही भार्गव व प्रज्ञा कुमारी को बेस्ट फूड टेस्ट के लिए सम्मान मिला। खेलों में सितोलिया और दुपट्टा लपेट में टीम मनस्वी और रस्सी खींच तथा ब्लाइंड वे में टीम प्रभुति विजयी रहीं। पूरी प्रतियोगिता में ओवरऑल बेस्ट परफॉर्मर के रूप में प्रज्ञा कुमारी को चुना गया।

फैशोमेनिया का यह आयोजन न केवल रचनात्मकता और कलात्मकता का प्रतीक बना, बल्कि छात्रों को मंच देने के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की एक प्रेरणादायक पहल भी साबित हुआ।

# हल्ला - गुल्ला के बच्चे 2 नाटकों का मंचन करेगे

इंदौर। शा. उत्कृष्ट् बाल विनय मन्दिर में जारी 15 दिवसीय बाल नाट्य शिविर में बच्चों का हल्ला- गुल्ला सुबह से ही शुरू हो जाता है। शिविर में वरिष्ठ नाट्यकर्मी तपन मुकजी, दिल्ली से आये संस्कृतिकर्मी शकील अख्तर सहित ऋषीना नातू, सीमा व्यास, वरुण जोशी, शैलेंद्र शर्मा आदि शिवरथियो को नाट्य कला की बारीकियाँ सीखा रहे है।



**वरिष्ठ नाट्यकर्मी तपन मुकर्जी और शकील अख्तर बच्चों का कर रहे है मार्गदर्शन**

**सुबह से स्कूल परिसर में शुरू हो जाता है बच्चों का हल्ला गुल्ला**

शिविर के निर्देशक तपन मुकर्जी ने बच्चों को संवाद बोलने के गुर सिखाते हुए कहा कि अगर वाक्य लंबा है तो उसे अल्प विराम या कामा से संतुलित कर सकते है। पूरा संवाद बोलने पर ही पूर्ण विराम लेना चाहिए, लेकिन उसी संवाद को अगर टुकड़े - टुकड़े में बोलना है तो अल्प विराम का इस्तेमाल कीजिये। संवाद बोलते समय कौनसा स्वर ऊँचा और कौनसा स्वर नीचा बोलना चाहिए इसका भी ज्ञान होना जरूरी है।

ऋषिणा नातू ने शिवराथियो को हाथों की मुद्राओ के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि 2 हाथों से की गई मुद्रा संयुक्त मुद्रा कहलाती है, जिनकी संख्या 28 है। एक हाथ से की गई मुद्रा असंयुक्त मुद्रा होती है, जिनकी संख्या 24 है।

मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि शिविर में बच्चों को 2 नाटक भी तैयार कराये जा रहे है, जिनका मंचन भी होगा।

शिविर में सहयोगी मंजू शर्मा, शिल्पा ने बच्चों को अनुशासन का महत्व बताया।

## ऑटोमोबाइल निर्माताओं का कार डीलरों पर भारी दबाव

इंदौर। भारत में प्रमुख ऑटोमोबाइल निर्माता कंपनियों द्वारा डीलरों के ऊपर भारी दबाव बनाया जा रहा है। वाहन डीलरों के पास जितना स्टॉक है। उसकी तुलना में बिक्री कम है। स्टाक भी ज्यादा दिन रखना पड़ रहा है। डीलरों के ऊपर बैंक ब्याज बढ़ रहा है।

उनका मुनाफा घट रहा है। वाहन निर्माता कंपनी डीलरों के पास ज्यादा से ज्यादा स्टाक रखना चाहती है। कंपनी बिना आर्डर के डीलरों को वाहन भेज रहे हैं। ज्यादा से ज्यादा बिक्री का दबाव बनाया जा रहा है। बाजार में वाहनों की मांग कम हो रही है। ऐसी स्थिति में डीलर काफी परेशान हैं। फेडरेशन ऑफ़ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने वाहन निर्माता कंपनियों के दबाव पर आपत्ति जताते हुए विरोध दर्ज कराया है। संगठन का कहना है, डीलरों का मार्जिन पहले की तुलना में घटा है। बिक्री बढ़ाने के लिए ज्यादा डिस्काउंट देना पड़ रहा है।

ज्यादा स्टॉक रखने के कारण बैंक का ब्याज डीलरों के ऊपर बढ़ता चला जा रहा है। बाजार में जिस तरह की प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। उसमें डीलर का मार्जिन कम हो रहा है। वाहन निर्माता कंपनियों द्वारा वाहनों की बिक्री बढ़ाने के लिए नए-नए डीलर तैयार किये जा रहे हैं। जिसके कारण वाहन डीलरों में नाराजगी देखने को मिल रही है।

## हत्या के मामले में तीनों चशमदीद गवाहों ने नहीं किया पुलिस कहानी का समर्थन, कोर्ट ने किया आरोपी को बरी

इन्दौर। अपर सत्र न्यायालय ने हत्या के आरोपी को अभियोजन द्वारा प्रस्तुत चश्मदीद गवाह के मुकरने के बरी करते कहा कि अभियुक्त के खिलाफ जो परिस्थितियों प्रकट की गई है, वह अपराध से अभियुक्त का संबंध स्थापित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। मात्र कल्पना या संदेह के आधार पर अभियुक्त को हत्या के अपराध में दोषसिद्ध नहीं किया जा सकता। प्रकरण सुनवाई के दौरान आरोपी की ओर से पैरवी एडवोकेट चंद्रभूषण पांडेय द्वारा की गई। प्रकरण में अभियोजन कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि एमआर 10 ब्रिज के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में 23 मार्च 2021 की रात की तुषार पिता कपिल और आरोपी सुजान उर्फ सुजन मंडल के बीच पीने का पानी भरने की बात पर विवाद हुआ। जिसके बाद आरोपी ने तुषार के साथ मारपीट करते हुए उसे ग्राउंड फ्लोर से धक्का देकर बेसमेंट में गिरा दिया, जिससे उसके सिर एवं अन्य हिस्सों में चोट आने से उसकी मौत हो गई। मामला हीरानगर थाना क्षेत्र का था। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर विवेचना के बाद आरोपी के खिलाफ चालान तीन चश्मदीद गवाहों के कथन बतौर सबूत के साथ पेश किया। ट्रायल के दौरान इन तीन में से एक भी गवाह ने पुलिस (अभियोजन) कहानी का समर्थन नहीं किया। वहीं अन्य गवाह एवं साक्ष्य भी मामले को प्रमाणीय नहीं कर पाए। इसके चलते कोर्ट ने आरोपी सुजान उर्फ सुजन मंडल

## संस्कार एकेडमी के बच्चों ने अबेकस प्रतियोगिता में लहराया परचम

इंदौर। संस्कार एकेडमी के बच्चों ने हाल ही में आयोजित अबेकस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने मात्र 8 मिनट में 200 गणितीय प्रश्न हल कर अपनी तीव्र गति और सटीकता का अद्वितीय परिचय दिया।



संस्था के डायरेक्टर आनंद एवं नम्रता बियाणी ने बताया कि पिछले दो महीनों से बच्चों को नियमित रूप से अबेकस परीक्षा की विशेष तैयारी करवाई जा रही थी। निरंतर अभ्यास सत्रों ने बच्चों के मस्तिष्क की गणना क्षमता, स्मरण शक्ति, ध्यान एकाग्रता और मानसिक चुस्ती को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया है।प्रतियोगिता में तीर्थ माहेश्वरी, ख्याति मोदी एवं गौरिका सोनी एवं प्रत्यूष जैन ने चैंपियन बनकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अंजली सोनी, समर्थ भावसार, अथर्व गोयल एवं कुंज गर्ग ने प्रथम रनर-अप का गौरव प्राप्त किया।वहीं धैर्य प्रजापत, समृद्धि मोदी, तनिष्का बडजात्या एवं पलकी अग्रवाल ने सेकंड रनर-अप रहकर अपनी उपलब्धियों में चार चाँद लगाए।इसके अतिरिक्त कई अन्य विद्यार्थियों को भी मेरिट पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का प्रमाण दिया।

## माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की द्वितीय परीक्षा

इंदौर। सत्र 2024-25 की हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 7 मई से फार्म भरे जाना शुरू हो गये है। फार्म 21 मई 2025 तक रात्रि 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। हाई स्कूल द्वितीय परीक्षा 17 जून से 26 जून 2025 तक और हाई सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई 2025 तक प्रात- 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम मण्डल की वेब साइट www.mpbse.nic.in पर देखी जा सकती है।

# अवधू अनहद नाद गाने वाले अवदूत लेखक का महाप्रयाण

इंदौर प्रीतम लखवाल। जिनकी लेखन की मूल दृष्टि ही राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सद्भाव, किसी भी नाम पर मनुष्य के नाम भेद के विरुद्ध रही रही हो। ऐसे साहित्यकार बिरले होते हैं। कोटा विज्ञाननगर में रहने वाले अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साहित्यकार बशीर अहमद मयूख एक मात्र मुस्लिम लेखक रहे हैं, जिन्होंने अर्हत जैन आगम के सूक्तों का काव्य रूपांतर किया है।

उनका लेखन दर्पण की तरह की साफ-सुथरा रहा। उनका रविवार रात को कोटा में 99वें वर्ष में प्रवेश के बाद देहावसान हो गया, लेकिन उनका रचित साहित्य सदा-सर्वदा सदियों तक

**अंतरराष्ट्रीय ख्याति अर्जित करने वाले साहित्य मनीषी बशीर अहमद मयूख को सदियों तक याद किया जाएगा**

जनमानस में आध्यात्म और धर्म आराधना के प्रति चेतना जागृत करता रहेगा। यह सौभाग्य रहा कि बारां राजस्थान में अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मेलन में इंदौर से वर्ष 2019-20 में बतौर मुझे बतौर अतिथि आमंत्रित किया गया था।

उस कार्यक्रम में बशीर अहमद मयूख भी विशेष अतिथि और मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे, जहां उनका आशीर्वाद मिला।



### कई धर्म ग्रंथों को काव्य की धारा में पिरोया

16 अक्टूबर 1926 को दशहरे के दिन जन्मे मयूख ने अपने विद्यार्थी काल में ही 1942 में स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया।

वे कुछ समय राजनीति में भी सक्रिय रहे, लेकिन 1972 में उन्होंने दलगत राजनीति से संन्यास ले लिया। 1942 से कविता और साहित्य सृजन आरंभ किया। देश की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में वर्ष 1950 से छपना आरंभ हुए। उनकी प्रकाशित पुस्तकों में स्वर्ण रेखा में ऋग्वेद की ऋचा-मंत्रों का काव्य रूप प्रस्तुत किया।

अर्हत में जैन आगम सूक्तों का भी उन्होंने काव्य रूपांतर किया। सूर्यबीज उनका गीत और कविता संग्रह है। ज्योति पथ में वेद, कुरान, गीता, उपनिषद, जैन-बौद्ध आगम सूक्त गुरुग्रंथ आदि काव्य का रूपांतर किया। वहीं गुमशुदा की तलाश में इनके सांस्कृतिक निबंध संग्रह है। अवधू अनहद नाद सुने में आध्यात्मिक-दार्शनिक काव्य संग्रह काफी चर्चित रहा है।

### कई सम्मानों से नवाजे गए मयूख

मयूख को कई पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनमें दशरथमल सिंघवी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार, रामेश्वर टांटिया स्मृति पुरस्कार, हरित ऋषि पुरस्कार, राजस्थान श्री, दीनदयाल साहित्यकार पुरस्कार से नवाजे गए। इतना ही नहीं बशीर अहमद मयूख हिन्दी सलाहकार समिति के मानद सदस्य रहे। वे रेल मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, जलसंसाधन मंत्रालय, संस्कृत एवं उर्दू अकादमी राजस्थान, केंद्रीय हिन्दी समिति तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय का भी प्रभार देखते थे। विशेष बात यह है कि इन्होंने अपने कवि सम्मेलनों से प्राप्त पारिश्रमिक से कोटा विज्ञान नगर में मयूखेश्वर महादेव का मंदिर का निर्माण करवाया है। जो आज लोगों की श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है।

# गौतमपुरा की सत्ता में सियासी भूचाल, कुर्सी की लड़ाई में मयूरी वर्मा की हैट्रिक वापसी, अब विकास की बारी?

देपालपुर (संदीप सेन)। गौतमपुरा नगर परिषद में लंबे समय से सुलग रही प्रशासनिक और सियासी तकरार ने आखिरकार मयूरी वर्मा की तीसरी बार वापसी के साथ नया मोड़ ले लिया है। मध्य प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन विभाग ने एक अहम आदेश जारी करते हुए मयूरी वर्मा को पुनः नगर परिषद गौतमपुरा का मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) नियुक्त कर दिया।



यह फैसला सिर्फ प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि एक गहरी राजनीतिक जीत का संकेत है जो स्थानीय सत्ता संघर्ष, अदालती उठापटक और गुटबाज़ी के लंबे दौर के बाद सामने आया है।

### सीएमओ की कुर्सी बनी सियासी अखाड़ा

बीते महीनों में नगर परिषद गौतमपुरा में सीएमओ की कुर्सी मानो एक राजनीतिक शतरंज बन गई थी, जहाँ हर चाल में दांव पर था–पद, प्रतिष्ठा और पक्ष। पूर्व सीएमओ सतीश घावरी को हटाने की मांग पिछले कई महीनों से परिषद के भीतर गूंज रही थी।

सूत्रों की मानें तो उन पर कार्यप्रणाली और प्रशासनिक निर्णयों को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हुए थे। परंतु वे जोड़-तोड़ और न्यायालयीय आदेशों के सहारे पद पर बने रहे। मगर अंततः एक बार फिर सत्ता के ऊंट ने करवट बदली और मयूरी वर्मा की ताजपोशी के साथ विरोधी गुट बैकफुट पर आ गया।

### राजनीति बनाम प्रशासनः कौन पड़ा भारी?

गौतमपुरा नगर परिषद, जो पहले कांग्रेस के अधीन थी, बाद में अविश्वास प्रस्ताव के भय से भाजपा में विलीन हो गई। लेकिन भाजपा के भीतर ही दो गुटों में सीएमओ पद को लेकर अंदरूनी जंग चलती रही। एक पक्ष मयूरी वर्मा की वापसी का विरोध कर रहा था, तो दूसरा उन्हें विकास की कुंजी मानकर समर्थन दे रहा था।

आखिरकार विधायक मनोज पटेल का समर्थन निर्णायक साबित हुआ। उनकी राजनीतिक पकड़ और दिल्ली तक की पहुँच ने मयूरी वर्मा की वापसी का रास्ता साफ कर दिया। समर्थकों ने इस फैसले का स्वागत मिठाइयाँ बाँटकर और सोशल मीडिया स्टेटस लगाकर किया यह खुद में संदेश था कि 'अब सत्ता हमारी है।'

### तीसरी पारी, पर नई चुनौती

तीसरी बार गौतमपुरा में सीएमओ बनकर लौटीं मयूरी वर्मा अब सिर्फ एक प्रशासनिक अधिकारी नहीं, बल्कि उम्मीदों की प्रतिनिधि बन गई हैं। पिछले कार्यकालों में वे अपनी सख्त कार्यशैली, तेज निर्णय क्षमता और भ्रष्टाचार से दूरी के लिए जानी गईं। लेकिन यह भी सच है कि कुछ कर्मचारी उनके रूखे और अनुशासनप्रिय व्यवहार से नाखुश रहे।

### ग्राउंड ज़ीरो की चुनौतियाँ - विकास की अग्निपरीक्षा

**पेयजल संकट**- गर्मी चरम पर है, और शहर के अधिकांश मोहल्लों में नियमित जल आपूर्ति अब भी एक सपना है। वर्मा के सामने पहली चुनौती–जल संकट का ठोस समाधान।

**अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम**- नगर के तीनों प्रमुख चौराहे ट्रैफिक की मार झेल रहे हैं। अतिक्रमण हटाने की मुहिम अब सख्ती से लागू करनी होगी।

**स्वच्छता और महामारी नियंत्रण**- डेंगू-चिकनगुनिया जैसे मौसमी रोगों की रोकथाम हेतु फॉगिंग, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव और नियमित सफाई अभियान को वरीयता देनी होगी।

**कचरा प्रबंधन यूनिट**- वर्षों से बंद पड़ी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट को चालू करना प्रशासन की प्राथमिकता बनना चाहिए।

### पदग्रहण पर मिला मिश्रित स्वागत

नगर परिषद के कई पार्षदों - जिनमें पार्षद पति विनोद गुर्जर, अभय भाटी सहित कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। वहीं कुछ चेहरों पर असहजता और 'राजनीतिक हार' का भाव भी साफ देखा गया।

### जनता को चाहिए परिणा न कि पक्ष

गौतमपुरा की जनता इस रस्साकशी से थक चुकी है। अब उनकी निगाहें इस बात पर हैं कि क्या वाकई मयूरी वर्मा की वापसी से ठप पड़े विकास कार्यों को नई गति मिलेगी? सियासत और प्रशासन की ये 'हैट्रिक वापसी' क्या अब जनता की उम्मीदों की 'हैट्रिक पूरी' कर पाएगी?

गौतमपुरा में सीएमओ की कुर्सी अब एक प्रशासनिक पद नहीं, बल्कि सियासी शक्ति संतुलन का प्रतीक बन चुकी है। मयूरी वर्मा की वापसी न केवल एक अधिकारी की, बल्कि एक महिला नेतृत्व की वापसी है जो शांति, सख्ती और सुधार की त्रिमूर्ति पर टिकी है। अगर वे इस मौके को सही दिशा में मोड़ सकीं, तो यह न केवल गौतमपुरा बल्कि आसपास के इलाकों के लिए भी एक मिसाल साबित हो सकता है।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर नया वक्फ भवन बनाने की घोषणा का स्वागत



इंदौर। भोपाल में आयोजित वक्फ सुधार जन जागरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के लिए नया भवन बनाया जाएगा, जिसका नाम भारत रत्न और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा का भारतीय मुस्लिम एकता मंच के संयोजक अकबर अहमद ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव और वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल का आभार माना है। अकबर अहमद ने कहा इससे समाज में वक्फ संपत्ति की सुरक्षा की दिशा में कार्य को गति मिलेगी और गरीब, बेसहारा व ज़रूरतमंद लोगों को उनका हक मिल सकेगा।

## शेष बची विवाह पत्रिकाओं से गिफ्ट लिफाफे और आकर्षक सामग्री का निर्माण करना सिखाया



इंदौर। शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्र 2 में बहुद्देशीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनर उमा तिवारी और दीपिका बागोरा ने छात्राओं को बताया कि कैसे बेकार अनुपयोगी और कूड़ेदान में डालने लायक सामग्री को थ्रेड आर्ट और टेरा कोटा कांच का उपयोग कर उसे शो केस में रखने या घर की साजसज्जा करने लायक बनाया जा सकता है।

प्राचार्य दीपक हलवे ने बताया कि आज छात्राओं ने विवाह उपरांत शेष रह गई पत्रिकाओं से गिफ्ट लिफाफे एवं थ्रेड टेरा कोटा कांच का उपयोग कर उसे आकर्षक बनाकर शो केस में रखने लायक बनाना सिखाया। योगा प्रशिक्षक धर्मेंद्र सोनी ने योग की विभिन्न मुद्राओं सहित मनमोहक जुम्बा डांस कर योगाभ्यास करवाया। खेल प्रशिक्षक अशोक यादव और रजत धारवा ने बैडमिंटन, सितोलिया, शतरंज और कैरम की बारीकियां सिखाई। शिविर संयोजिका सुषमा राठौर है।

## ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर बाँटी चॉकलेट



इंदौर। पहलगाम हमले के विरुद्ध भारतीय सेना ने पीओके स्थित आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर ऑपरेशन सिन्दूर चलाकर एयर स्ट्राइक कर आतंकियों को ढेर किया। सेना की इस सफलता की खुशी में मातृभाषा उन्नयन संस्थान व ख़बर हलचल न्यूज़ ने स्थानीय रेलवे स्टेशन पर चॉकलेट का वितरण किया।

संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन अविचल ने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर जो प्रहार किया है, देशवासियों में इस बात का हर्ष है, इसी खुशी को व्यक्त करने के लिए संस्थान के हिन्दीयोद्धा चॉकलेट बाँट कर अपनी खुशी प्रकट कर रहे हैं।

इस मौके पर संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन अविचल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नितेश गुप्ता, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मणिमाला शर्मा, जलज व्यास, हर्ष जैन आदि उपस्थित रहे।

## जीवन में रामचरित मानस के दृष्टांतों की महती भूमिका पर विचार मंथन आज

इन्दौर। राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन की अध्यक्षता तथा सूर्यकान्त नागर के मुख्य आतिथ्य में समसामयिक अध्ययन केंद्र द्वारा विचार मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र की मंत्री डा मीनाक्षी स्वामी व प्रचार मंत्री हरेराम बाजपेयी ने बताया कि आयोजन आज़ आठ मई शाम साढ़े पांच बजे हिंदी साहित्य समिति के शिवाजी भवन में होगा। जिसमें समसामयिक भारतीय समाज और राष्ट्र जिस संक्रमण और द्वंद्व के दौर से गुजर रहा है, उसमें रामचरित मानस के दृष्टांतों की महती भूमिका हो सकती है विषय पर चिंतन मंथन किया जायेगा।

## मॉकड्रिल और सायरन के संबंध में समाज में जन जागरण का काम किया संस्था न्यायाश्रय ने

इंदौर। सामाजिक संस्था न्यायाश्रय द्वारा आम नागरिकों का अपने देश के प्रति दायित्व एवं मौद्रिक तथा सायरन के संबंध में जन जागरण का अभियान चलाया गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पंकज वाधवानी एडवोकेट ने बताया कि यह अभियान एक साथ 16 राज्यों में चलाया गया।

संस्था न्यायाश्रय Let Justice be done... May heaven falls.

### राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बताएं

इस एकदिवसीय अभियान में सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारियां प्रेषित की गई जिसमें बताया गया कि मॉक ड्रिल आमतौर पर आपातकालीन स्थितियों जैसे कि आग, भूकंप, बाढ़ या आतंकी हमले के दौरान लोगों की प्रतिक्रिया और तैयारियों का अभ्यास करने के लिए की जाती है। इसमें भाग लेते समय भारतीय नागरिकों के देश के प्रति निम्नलिखित कर्तव्य होते हैं जैसे मॉक ड्रिल के दौरान नागरिकों को प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड, एनडीआरएफ आदि एजेंसियों का पूरा सहयोग करना चाहिए। ड्रिल के निर्देशों का पालन करते हुए अनुशासित रहना जरूरी है, जिससे अभ्यास सुचारू रूप से हो सके, अगर किसी खतरे की जानकारी पहले से हो तो संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना देना नागरिक का कर्तव्य है। मॉक ड्रिल में भाग लेकर नागरिक स्वयं सीखते हैं और दूसरों को भी आपातकालीन स्थितियों के लिए जागरूक कर सकते हैं।

### क्या होता है ब्लैकआउट

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. पंकज वाधवानी ने जानकारी जिसे बताया कि ब्लैकआउट (ब्र्ह्र्इ्र्धड्ढ्ढ) एक ऐसी स्थिति होती है जब जानबूझकर सभी लाइटें बुझा दी जाती हैं। अपने घर, दुकान या ऑफिस की सभी लाइटें, ट्यूब लाइट, बल्ब, एलईडी आदि बंद करें।

यदि अंदर लाइट चालू हो (जैसे टॉर्च या फोन की लाइट), तो उसे बाहर से न दिखने दें। काले कपड़े या पर्दों से खिड़कियां ढकें।गाड़ी चला रहे हों तो ब्लैकआउट के समय तुरंत रोशनी बंद करें और सड़क किनारे सुरक्षित रुकें।

## जातीय जनगणना में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद परिवारों की गणना हो

इंदौर। अ भा शहीद एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद एवं म प्र स्वतंत्रता सेनानी उत्त संयुक्त संगठन ने भारत सरकार द्वारा जाति आधारित जनगणना को योग्य एवं उचित कदम बताते हुए सराहना की है परिषद की मीटिंग में यह तय हुआ कि यह कदम सामाजिक न्याय एवं विकास की दिशा में अत्यंत आवश्यक है।

भारत सरकार द्वारा जातिय जनगणना का प्रस्ताव पास हुआ है देश को आजाद कराने में हमारे पूर्वजों का योगदान त्याग और बलिदान को भूलाया नहीं जा सकता भारत सरकार से मांग की गई है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद आश्रित परिवारों के लिए एक कालम अलग से बनाया जाना आवश्यक है जिसके माध्यम से देश के स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की संख्या मालूम हो सके स्वतंत्रता सेनानी परिवारों ने पोस्टकार्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि यह व्यवस्था लागू कर सेनानी परिवारों को गोरावित करें।

सीतलानी ने सभी शहीद एवं सेनानी परिजनों से अपील की है कि प्रधानमंत्री को संबंधित मांग पत्र पोस्टकार्ड के माध्यम से भेजें ताकि महापुरुषों से मिली आजादी के बाद उनके वंशजों की वर्तमान स्थिति का आकलन हो सके एवं उन्हें उचित सम्मान अधिकार तथा पहचान मिल सके महापरिषद का मानना है कि यह न केवल ऐतिहासिक दस्तावेज के लिए आवश्यक है बल्कि सामाजिक सम्मान और राष्ट्र के प्रति भी सम्मान होगा।

## 28 वें हिंदू सर्वजाति वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन 18 को

इन्दौर। स्थानीय संतोष सभागृह रानी सती गेट पर संस्था साई बंधन द्वारा 28 वें हिंदू सर्वजाति वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन आगामी 18 मई को दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जा रहा है।

संचालक मोनिका निगम ने बताया कि सम्मेलन में सामान्य प्रत्याशियों के साथ ही तलाकशुदा, विधवा-विधुर, अधिक आयु वाले, बच्चे वाले एवं दिव्यांग प्रत्याशी भी हिस्सा लेंगे।

संस्था द्वारा अलग-अलग शहरों में समितियां बनाई गई हैं जो सम्मेलन के लिए बायोडाटा संग्रह कर संस्था तक पहुंचा रही हैं। संस्था के पास अलग-अलग प्रदेशों से बायोडाटा पहुंच रहे हैं। अभी तक 350 से अधिक उम्मीदवारों के बायोडाटा आ चुके हैं। इनमें 21 वर्ष से लेकर 70 वर्ष से अधिक आयु तक के प्रत्याशी हैं। वहीं उच्च शिक्षित के साथ ही कम शिक्षित के भी बायोडाटा आएं हैं।

## समाजसेवियों द्वारा 2 लावारिश शवों का अंतिम संस्कार किया

इंदौर भयंकर आंधी तूफान और बरसते बारिश के बीच में इंदौर में लावारिश ओर असहाय लोगो के निःशुल्क अंतिम संस्कार करने वाली श्री एकाक्ष सामाजिक सेवा संस्था द्वारा दो असहाय वृद्धजनों का अंतिम संस्कार किया गया।



संस्था के नरेंद्र वर्मा ने बताया कि मोक्ष की राह तलाश रही 2 अज्ञात ओर लावारिश शवों की सूचना एमवाय हॉस्पिटल स्थित चौकी के माध्यम से प्राप्त हुई।भयंकर आंधी तूफान और तेज बारिश होने पर भी जनकल्याण की भावना लिए समाजसेवा को महाकाल का आदेश मन कर संस्था के समाजसेवी एमवाय हॉस्पिटल पहुंचे।

दोनों शवों के पोस्टमार्टम होने के पश्चात उनका अंतिम संस्कार जूनी इंदौर मुक्तिधाम पर पूर्ण विधिविधान से किया गया।जिसमें मुख्य रूप से समाजसेवी सुनील ठाकुर,हर्षल चौहान,विवेक पीपले,प्रदीप गुर्जर ,सनी जैसवाल,कृष्णा सोनी एवं रामगोपाल भैया उपस्थित हुए।

एकाक्ष सामाजिक सेवा संस्था द्वारा असहाय और लावारिश शवों का अंतिम संस्कार पूर्ण विधिविधान से करवाया जाता हे।ओर 2 दिन पूर्व ही 1 दिन का मृत बच्चा, जिसे उसके घर वाले सड़क किनारे फेक गए थे,उस मासूम का अंतिम क्रिया कर्म भी संस्था द्वारा विधि विधान से समाजसेवियों के सहयोग से किया गया।

## इस वर्ष का सर्वक्षेष्ठ पुरस्कार प्राप्त नाटक उर्मिलायन सानंद के मंच पर

इंदौर। सानंद न्यास के पांच दर्शक समूहों के लिये अनेक पुरस्कार प्राप्त नाटक उर्मिलायन का मंचन दि. 10-11 मई 2025 को स्थानीय देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागृह, खंडवा रोड, इंदौर) में होगा।



अमोल भारती   निहारिका राजदत्त

सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं मानद् सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि अनेक व्यवसायिक नाटकों की दौड में प्रथम पुरस्कार प्राप्त नाटक %उर्मिलायन% की पूरे महाराष्ट्र में चर्चा है। नाटक में लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला के जीवन के अनेक महत्तवपूर्ण पहलुओं को प्रस्तुत किया है, जो कि रामायण में अनछुये रह गये थे। लक्ष्मणजी के साथ ही उर्मिला की भूमिका भी महत्तपूर्ण हैं। यही संदेश देता है नाटक उर्मिलायन।

नाटक की दर्शक, समीक्षक, जानकार, दिग्गज कलाकार सभी एक मुख से प्रशंसा कर रहे हैं। नाटक को झी मराठी, झी नाट्यगौरव, महाराष्ट्र टाईम्स सम्मान, माझा पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है।

मुंबई की संस्था सुमुख चित्र निर्मित नाटक के मुख्य कलाकार है संकेत खेडेकर, अमोल भारती, पूजा साधना, डॉ. वैदेही व्यवहारे एवं निहारिका राजदत्त। साथी कलाकार है मृणाल शिखरे, श्रावणी, गावित, शिवानी मोहिते, निकिता रजक, सुप्रिया जाधव, प्रियंका अहिरे।

लेखक-सुनिल हरिश्चंद्र-स्मिता दातार, दिग्दर्शन- सुनिल परिश्चंद्र, नेपथ्य-अरूण राधायण, संगीत-निनाद म्हैसाळकर, प्रकाश योजना-चेतन ढवळे, नृत्य-सुजय पवार, ऋचा पाटील, रंगभूषा-उदयराज तांगडी, वेशभूषा-स्मिताली तांबे, व्यवस्थापन-राजदत्त सुनंदा, बापू सरिता, सूत्रधार-दिनू पेडणेकर, अरविंद घोसाळकर, कार्यकारी निर्माता निखिलजाधव।

सानंद न्यास के श्री भिसे एवं श्री वावीकर ने बताया कि नाटक उर्मिलायन का मंचन दि. 10 मई 2025, शनिवार को रामुभैय्या दाते समूह के लिये अपराह्न 4 बजे, सायं. 7.30 बजे राहुल बारपुते समूह के लिये, दि. 11 मई 2025, रविवार को प्रातः 10 बजे मामा मुजुमदार समूह के लिये, वसंत समूह के लिये अपराह्न 4 बजे तथा सायं 7.30 बजे बहार समूह के लिये होगा।

## मध्यप्रदेश में आउटसोर्स कर्मियों को अन्य राज्यों की तरह सुविधा हेतु संयुक्त मोर्चे ने की मांग

इन्दौर। मुख्यमंत्री व श्रममंत्री को ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स सयुंक्त संघर्ष मोर्चा ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पत्र लिख शीघ्रता शीघ्र उन पर निराकरण कार्रवाई की मांग की है। संघर्ष मोर्चा ने अपने पत्र में मांग करते हुए बताया कि मप्र. के सभी विभागों एवं उपक्रमों में करीब दस लाख आउटसोर्स कर्मी है, लेकिन इन्हें केन्द्र व राज्य कार्मिकों की तरह सुविधाएं नहीं दी जा रही है। प्रदेश सरकार केन्द्र व कई राज्यों में आउटसोर्स श्रमिकों को दी जा रही न्यूनतम वेतन व अन्य सुविधाएं प्रदेश में भी तत्काल लागू करें एवं मौजूदा आउटसोर्स कर्मियों के पदों की संख्या भी बढ़ाई जाए। ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स सयुंक्त संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव एवं महामंत्री दिनेश सिसोदिया ने बताया कि कई राज्यों में आउटसोर्स कर्मियों को कई तरह की सुविधाएं दी जाती है। यह सुविधाएं मध्यप्रदेश के आउटसोर्स कर्मियों को भी मिलनी चाहिए।

## फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन में जिला प्रदेश में चतुर्थ स्थान पर

**मंदसौर** । लोक सेवा प्रबंधक श्री बैरागी द्वारा बताया कि, सीएम डैशबोर्ड अंतर्गत फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन में मंदसौर जिला प्रदेश में चतुर्थ स्थान पर है। जिसमें 85.20 अंकों के साथ बैतूल प्रथम, 84.63 अंकों के साथ धार द्वितीय, 83.50 अंकों के साथ खरगोन तृतीय एवं 82.89 अंकों के साथ मंदसौर चतुर्थ स्थान पर है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 2 मई को समाधान ऑनलाइन के माध्यम से सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत संचालित फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने बेहतर कार्य करने वाले जिलों की प्रशंसा की।

## जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 16 मई को

**मन्दसौर** । जिला पंचायत मुख्यी कार्यपालन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत मंदसौर की साधारण सभा की बैठक 29 अप्रैल 25 को श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार अध्यक्ष, जिला पंचायत मंदसौर की अध्यक्षता मे आहूत की गई थी, जो मुख्यमंत्री म.प्र. शासन के मंदसौर जिले मे प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम होने के कारण से स्थगित गई थी, उक्त बैठक पुनः 16 मई 2025 को समय दोपहर 01 बजे स्थान जिला पंचायत मंदसौर के सभा कक्ष मे आहूत की गई है। बैठक का एजेण्डा पूर्वतः रहेगा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान तहत कुएं के रिचार्ज के लिए गड्ढे का किया जा रहा निर्माण

**मंदसौर** । जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान लगातार किया जा रहा है। यह अभियान लगातार 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर मनरेगा से नये तालाब बनाये जा रहे है, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। साथ ही वृक्षारोपण भी किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। इसी अभियान के तहत जिले में कुएं के रिचार्ज के लिए गड्ढे का निर्माण किया जा रहा है। अभियान को सभी के सहयोग से जन आंदोलन के रूप में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। अभियान में जल संरक्षण के साथ ही वृक्षारोपण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के तहत शुरूआत में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। यह जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित हो रहा है। जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया गया है। इस अभियान के माध्यम से जल संरक्षण संबंधी विभिन्न कार्यों की शुरूआत की गई है। नदी-नालों एवं तालाबों की साफ-सफाई की जा रही है। इसके साथ ही कुएं, बावड़ियों से गाद निकालने का भी कार्य किया जा रहा है। जिले के नगरीय एवं ग्रामीण अंचलों में जन सहयोग से जल संरचनाओं की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। जन अभियान परिषद के माध्यम से गांव-गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## आंचलिक पत्रकार संघ ने किया शिवना शुद्धीकरण अभियान में श्रमदान



**मंदसौर**। बुधवार को शिवना शुद्धीकरण अभियान के अंतर्गत प्रातः 7 बजे आंचलिक पत्रकार संघ द्वारा अभियान में सहभागिता कर श्रमदान किया। प्रदेश सचिव अब्दुल वाहिद रईस के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष तुलसीराम राठौर के अगुवाई में आंचलिक पत्रकार संघ के सभी पत्रकार साथियों ने तथा मालवा मीडिया के वरिष्ठ सदस्य संजय भाटी ने प्रदूषित मां शिवना नदी के शुद्धिकरण अभियान में भाग लिया । जिसमें आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश सचिव अब्दुलवाहिद रईस, प्रदेश सह सचिव गायत्री प्रसाद शर्मा, जिला अध्यक्ष तुलसीराम राठौर, जिला प्रवक्ता विजयेन्द्र फांफरिया, सदस्य दीपक माली, तथा समाजसेवी हरिओम गंधर्व ने श्रमदान किया । इस अवसर पर शिवना शुद्धिकरण अभियान के संयोजक विधायक विपिन जैन सहित बड़ी संख्या में शहरवासी भी उपस्थित थे।

## पुलिस प्रशासन ने नगर के मुख्य मार्गों से फ्लेग मार्च निकाला



**भानपुरा** ।नगर भानपुरा में देश के वातावरण व क्षैत्र में बैहतर सुरक्षा के भाव तथा कानून व व्यवस्था/ ला एंड आर्डर पर क्षेत्र वासियों का विश्वास अधिक प्रगाढ़ होने को मध्ये नजर रखकर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा पुलिस थाना भानपुरा से नगर के मुख्य मार्गों से बुधवार की शाम को निकाला गया।

फ्लेग मार्च एएसपी हेमलता कुरेल की अगुवाई में तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व एसडीएम चंदर सिंह सोलंकी,तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा, नायब तहसीलदार भीम सिंह खराड़ी, थानाधिकारी रमेश चंद दांगी, गरोठ थानाधिकारी हरीश मालवीय सहित पुलिस थाना भानपुरा का पुलिस बल व राजस्व स्टाफ शामिल हुआ।





# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रेवा नदी में सफाई अभियान चलाया गया

### भानपुरा श्री शंकराचार्य मठ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज के सानिध्य में शुरू किया गया सफाई अभियान

**भानपुरा** ।. जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर की जीवन दायनी मां रेवा नदी का सफाई अभियान चला कर रेवा नदी व रेवा नदी तटों को स्वच्छ करने का कार्य नगर परिषद द्वारा किया जा रहा है। जब से रेवा नदी की छाती को चीरकर भानपुरा नहर निकाली गई है, तब से ही प्राकृतिक रेवा नदी अपना मूल स्वरूप खो चुकी है एवं एक गंदे नाले में तब्दील हो चुकी है। तब से ही रेवा नदी में गंदगी एवं रेवा नदी के तटों पर गंदगी के साथ नदी के किनारों पर अतिक्रमण ने पेर पसार लिए हैं। ऐसी स्थिति के बाद भी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने इस और ध्यान देना ही उचित नहीं समझा। वर्तमान नगर परिषद नगर की जीवनदायनी रेवा नदी को अपने पूर्व स्वरूप में लाने के लिए प्रयास रत हैं। इस हेतु समय-समय पर अभियान चलाकर साफ-सफाई की जाती रही है। वर्तमान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुधवार 7 मई की सुबह भानपुरा पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज के सानिध्य में नगर की जीवन दायनी मां रेवा नदी के सफाई का आगाज रेवा नदी तट आद्य शंकराचार्य संस्कृतिक भवन के समीप स्थित घांट एवं शनि मंदिर के समीप से शुरू किया गया। सफाई अभियान के दौरान शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी ने स्वयं श्रमदान कर अपने हाथों से नदी के जल से गंदगी निकाल कर एंव किनारों से झाड़ियां को कुल्हाड़ी चला कर हटाया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर जाकिर शेख पार्षद गण सुभाष बागड़ी, शीतल भूटानी, रोड़ूलाल चारण, मकसूद अंसारी, कंवरलाल भील, बबलू गुर्जर, जाहिर मंसूरी, इंजीनियर शिवानी परमार, नगर परिषद दरोगा मुकेश बागड़िया सहित नगर परिषद कर्मचारी, नगर परिषद के सफाई मित्र, नगर के गणमान्य जन,जैन सोशल मीडिया राष्ट्रीय सचिव अनिल नाहर,प्रेस क्लब अध्यक्ष लालचंद रुद्रवाल, पूर्व अध्यक्ष हरिकृष्ण मरमट, दिनेश छालीवाल आदि ने सफाई अभियान में श्रमदान किया। इसके साथ ही नगर परिषद द्वारा रेवा उद्यान मार्ग पर व्याप्त गंदगी हटाने के लिए अभियान चलाया गया।

## जय झूलेलाल मंदिर पर साई आसनलाल साहिब का 114 वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



**मंदसौर**। स्थानीय आनंद विहार स्थित जय झूलेलाल मंदिर में परम पूज्य ठकुर 'साई आसनलाल साहिब जी (साई भरूच वारा) के 114वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार को मंदिर में भजन संध्या (सत्संग) व महाआरती व प्रसादी का आयोजन रखा गया। साथ ही समाजजनों को श्री अमरकथा ग्रन्थ की प्रतियां भी भेंट की गई। मंदिर में सिंधी समाज की एकता, संस्कृति और आस्था का प्रतीक सांई आसनलाल साहिबजी के जन्मोत्सव को लेकर सभी समाजजनों में अपार उत्साह था। मंदिर में सायंकाल भजन संध्या (सत्संग) का आयोजन किया। जिसमें भजनों व भक्ति गीतों का सभी ने आनन्द लिया व नृत्य कर अपने भाव प्रकट किये। महाआरती पश्चात् पल्लव साहिब का आयोजन हुआ। उसके बाद केक काटकर सभी उपस्थितजनों को प्रसाद वितरित गई। इस पावन अवसर पर पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के आशीर्वाददाता दृष्टानंद नैनवानी, अध्यक्ष वासुदेव सेवानी, महासचिव राजेश चांहूजा, संयोजक नंदू भाई आडवाणी, कोषाध्यक्ष प्रीतम खेमानी एवं उपाध्यक्ष गिरीश भक्तानी, रमेश लवाणी, भाग लेकर महिलाओं एवं आनंद विहार कॉलोनी की जय झूलेलाल मन्दिर समिति के सदस्य भगवानदास वासवानी, दयाराम लवाणी,किशन लवाणी, डाक्टर दिनेश शर्मा, किशोर आनंद,नितेश मोटवानी, विजय आचवानी, हेमन्त टेकचंदानी, विजय मोटवानी, टोनी टेकचंदानी, अशोक कोतक, प्रकाश दासानी शकर बेलानी, विक्रम मोटवानी, ओम दासानी, कालू भाई लालवानी ,रोहित दादलानी, मयंक ज्ञानचंदानी,हरीश वाधवानी ने उपस्थित होकर कॉलोनी वासियों का उत्साह बढ़ाया।

## मंदसौर निवासी शारदा त्रिपाठी को एक्सीलेंस आईकॉनिक अवार्ड मिलेगा



**मन्दसौर**। मंदसौर शहर निवासी श्रीमती शारदा त्रिपाठी ने एडवरटाइजिंग और एंटरटेनमेंट के जगत में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है एडवरटाइजिंग और फिल्म इंडस्ट्री में इनकी शख्सियत बहुत ही महत्वाकांक्षी महिला के रूप में है खुद की एड कंपनी 2017 में इन्होंने स्थापित की और बहुत से कमर्शियल विज्ञापन का निर्माण और प्रबंध किया साथ ही हिंदी फीचर फिल्म ''सबवे'' का निर्माण किया 2022 में जिसमें प्रमुख भूमिका में गोरखपुर सांसद रवि किशन और शारदा त्रिपाठी के सुपुत्र विशाल विशेष ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। उत्तराखंड एक्सीलेंसी आइकॉनिक अवॉर्ड के जूरी मेंबर ने आयोजित होने वाले आइकॉनिक अवॉर्ड के लिए शारदा मैडम का नाम दिया है जिसे मंजूर किया गया है। श्रीमती शारदा त्रिपाठी फिल्म प्रोड्यूसर के साथ एक लेखिका भी है। जल्दी इनकी नई फिल्म ''पब्लिक का हीरो'' जल्द आपके नजदीकी सिनेमा में आ रही है जो की सत्य घटना से प्रेरित बताई जा रही है। साथ ही एक ऐसे पुलिस ऑफिसर की कहानी हे जो अपना फर्ज अपनी मौत के बाद भी निभाता है। इंसानी रिश्तों के ताने बाने में बनी फिल्म के ट्रायल शो देहरादून कमेटी ने देखा। और बहुत ही इमोशनल हो गए। हर साल देने वाले सम्मान में शारदा जी पहली मध्यप्रदेश की महिला प्रोड्यूसर लेखिका है ।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 10 मई से 10 जून तक

**मंदसौर** ।खेल और युवा कल्याण विभाग मंदसौर द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 मई से 10 जून 2025 तक मन्दसौर के विभिन्न खेल मैदानों पर आयोजित होगा, मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के दिशा निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनन्द, रक्षित निरीक्षक श्री दिनेश बैन, जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा समस्त खेल संगठनों के पदाधिकारियों, खेल प्रशिक्षकों, युवा समन्वयकों और वरिष्ठ खिलाड़ियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई, जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा ने बताया खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन जिला मुख्यालय पर 04 खेलों, एथलेटिक्स - पी.जी. कॉलेज खेल मैदान - जिला एथलेटिक्स कोच श्री मुकेश भटेवरा द्वारा। बास्केटबॉल - उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान - श्रीमती रुबीना खान और श्री अंकुर त्रिपाठी द्वारा ।हॉकी - हॉकी स्ट्रोटर्फ मैदान रेवास देवड़ा रोड पर - श्री वैभव चौरसिया, श्री मीत चौहान, उत्कृष्ट विद्यालय हॉकी ग्राउंड - श्री अविनाश उपाध्याय, श्री रवि कोपरगावकर ।मार्शल आर्ट - महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल - श्री गगन कुरील, श्री धवल कुमावत, नूतन स्टेडियम नियुद्ध हॉल - श्री प्रवीण भंडारी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा,। एवं विकासखंड मुख्यालयों पर 2 - 2 खेलों में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन मन्दसौर विकासखण्ड दलौदा,मलखम्ब, कबड्ड़ी, वॉलीबॉल - श्री जीवन माली, श्री चंदन शर्मा, श्री एम्ब्रोज़ वाल्टर - अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम, दलौदा।मल्हारगढ़ विकासखण्ड वॉलीबॉल और कबड्ड़ी - बूढ़ा ग्राम शा. बालक उ.मा.वि. - श्री रहुफ खान बैडमिंटन, टेबल-टेनिस और एथलेटिक्स - नारायणगढ़ - श्री गोपाल धनगर, श्री दिनेश डाभी। सीतामऊ विकासखण्ड ,,, बास्केटबॉल - श्री राम उत्कृष्ट विद्यालय, सीतामऊ - श्री नरेन्द्र सिसोदिया, श्री आदित्य सेठिया। एथलेटिक्स - श्री संजय चौहान - मंडी खेल मैदान सीतामऊ ।गरोठ विकासखण्ड एथलेटिक्स, कबड्ड़ी - श्री मयूर सिंह, एवं श्री नारायण सिंह - खेल और युवा कल्याण विभाग स्टेडियम, गरोठ। भानपुरा विकासखण्ड खो-खो - हरकचंद चौरड़िया महाविद्यालय ग्राउंड - श्री तरुण लोहार। खेल और युवा कल्याण विभाग, मन्दसौर द्वारा उपरोक्त जगहों पर प्रशिक्षण शिविर निःशुल्क लगाया जाएगा एवं अन्य खेलों में खेल संघों/खेल प्रशिक्षकों एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मिनी गोल्फ - उत्कृष्ट विद्यालय, मन्दसौर - श्री मनोहर घारू।

## पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया



**मंदसौर** ।वर्तमान परिवेश में आमजन में आपदा प्रबंधन, सिविल डिफेंस के प्रति जागरूक करने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मंदसौर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से संपूर्ण जिले के अलग अलग अनुभागों एवं समस्त थाना क्षेत्रों के संवेदनशील एवं मुख्य मार्गों एवं चौराहों पर निकाला गया फ्लैग मार्च, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी रहे उपस्थित।

कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री अभिषेक आनंद के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता कुरील एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गौतम सोलंकी के नेतृत्व में संपूर्ण जिले के समस्त अनुभागों एवं थाना क्षेत्रों में वर्तमान परिवेश को दृष्टिगत रखते आमजन में आपदा प्रबंधन, सिविल डिफेंस के प्रति जागरूक करने एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से आज दिनांक 07.05.25 को मंदसौर जिले के अलग अलग अनुभाग( मंदसौर शहर, मल्हारगढ़, सीतामऊ, गरोठ,मंदसौर ग्रामीण) में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी की उपस्थिति में फ्लैग मार्च निकला गया। उक्त फ्लैग मार्च का उद्देश्य वर्तमान में चल रहे परिवेश को दृष्टिगत रखते आमजन में आपदा प्रबंधन, सिविल डिफेंस के प्रति जागरूक करना एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से निकाला गया। उक्त फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ श्रीमती हेमलता कुरील एवं अलग अलग अनुभागों के तहसीलदार महोदय, अनुभाग अधिकारी पुलिस एवं अनुभाग अधिकारी प्रशासन, थाना प्रभारी, पटवारी,कोटवार एवं पुलिस बल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंदसौर के नवीन चिकित्सा महाविद्यालय तथा सीतामऊ सीएचसी के निर्माण कार्य में कमी पाई गई

### अधिकारियों एवं ठेकेदारो पर लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने समीक्षा बैठक में कार्यवाही के निर्देश दिए

**मन्दसौर** । लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने औचक निरीक्षण की समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में मंत्री श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए, साथ ही जिन अधिकारियों ने उत्कृष्ट कार्य किया उनकी प्रशंसा की।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्यों को प्रोत्साहित किया जाएगा और लापरवाही के प्रति विभाग में सख्त रुख अपनाया जाएगा। प्रत्येक माह की 5 और 20 तारीख को आयोजित किए जाने वाले औचक निरीक्षणों की श्रृंखला में इस माह 5 मई को सात जिलों के 35 निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। इन निरीक्षणों के लिए जिलों और निर्माण कार्यों का चयन तथा निरीक्षण दलों का गठन पूर्णतः कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैंडम आधार पर किया गया जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके। मंदसौर जिले में लोक निर्माण विभाग (भवन) के नवीन चिकित्सा महाविद्यालय के कार्य में कमी पाए जाने के कारण संबंधित कार्यपालन यंत्री (भवन) एवं ठेकेदार मेसर्स जे.पी. स्ट्रक्चर्स प्रायवेट लिमिटेड राजकोट (गुजरात) के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिये मुख्य अभियंता (भवन) को निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त मंदसौर जिले में भवन विकास निगम के अंतर्गत सीतामऊ सीएचसी (30 से 50 बिस्तरों वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) के कार्य में फिनिशिंग एवं गुणवत्ता की कमी के कारण संबंधित डिवीजनल मैनेजर, ठेकेदार मेसर्स ओम कंस्ट्रक्शन कंपनी सूरत एवं कंसल्टेंट एल.एन. मालवीय इन्फ्रा प्रोजेक्ट के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश संबंधित मुख्य अभियंता भवन विकास निगम को दिए गए। उत्कृष्ट कार्य करने वालों की सराहना भी की गई।

बड़वानी जिले में तलून-बगड़ रोड पर बीटी नवीनीकरण कार्य में कार्यपालन यंत्री संभाग बड़वानी श्री के. एन. प्रजापति एवं उनकी पूरी टीम तथा मंदसौर जिले में छायन से माकड़ी चामुंडा रोड के लिये कार्यपालन यंत्री संभाग मंदसौर श्री आदित्य सोनी, अनुविभागीय अधिकारी कमल जैन, उपयंत्री राहुल भार्गव एवं ठेकेदार श्री तरुण अग्रवाल की प्रशंसा की गई। बैठक में प्रबंध संचालक म.प्र. सड़क विकास निगम श्री भरत यादव, प्रमुख अभियंता (बी.एण्ड आर) श्री के.पी.एस. राणा, प्रमुख अभियंता (भवन) श्री एस.आर. बघेल, उप सचिव लोनिवि श्री ए.आर. सिंह, समस्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी उपस्थिति रहे।

## सार-समाचार

### लायन प्रेमलता दवे बनीं लायंस इंटरनेशनल की रीजन चेयरपर्सन

**रतलाम।** समाजसेवा, नेतृत्व और समर्पण की मिसाल बनीं लायन प्रेमलता दवे को लायंस क्लब इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट 3233-जी1 के लिए वर्ष 2025-26 में रीजन चेयरपर्सन के रूप में मनोनीत किया गया है। यह पद उन्हें क्लब अध्यक्ष, झोन चेयरपर्सन एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन के रूप में उनके उल्लेखनीय कार्यों और लायनवाद के प्रति अटूट निष्ठा को देखते हुए प्रदान किया गया है। उनके कार्यक्षेत्र में अब रतलाम, पेटलावद, थांदला, बदनावर, नागदा, धार और घाटा बिल्लोद जैसे क्षेत्रों के लगभग एक दर्जन क्लब शामिल रहेंगे, जिन्हें वे सेवा गतिविधियों, संगठनात्मक अनुशासन और प्रशासनिक कार्यों में मार्गदर्शन देंगी। लायन प्रेमलता दवे लायंस क्लब रतलाम समर्पण की सक्रिय, प्रभावशाली और प्रेरणादायी सदस्य रही हैं। उनका सहज व्यवहार, संवेदनशील सोच और समाज के प्रति समर्पण उन्हें विशिष्ट बनाता है। उनकी इस नियुक्ति पर योगेंद्र रूनवाल, प्रमोद व्यास, सुलोचना शर्मा, विक्रम सिंह सिसोदिया, नीरज सुरोलिया, सुनील के जैन, वीणा छाजेड़, यास्मीन शैरानी, संतोष चाणोदिया, कांतिलाल छाजेड़, गोपाल जोशी, दिनेश शर्मा, सीमा भारद्वाज, प्रीति सोलंकी, एहतेशाम अंसारी, कांता छंगाणी, कल्पना पुरोहित, पुष्पा वासन, अर्चना अग्रवाल, सरोज ओझा, आलोक गांधी, रवि बोथरा, श्वेता विनचुरकर, अजय भावसार, सुनीता पाठक सहित अनेक लायन साथियों एवं सामाजिकजनों ने हर्ष व्यक्त किया है और उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी हैं। यह नियुक्ति रतलाम शहर के लिए गौरव का विषय है और महिला नेतृत्व के लिए एक प्रेरणादायी संकेत भी।

### आमजन की सुरक्षा हेतु अभा ग्राहक पंचायत ने एसपी से की सौजन्य भेंट



**रतलाम।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत रतलाम नगर ईकाई द्वारा रतलाम जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार से सौजन्य भेंट कर उन्हें पत्र देकर आमजन की सुरक्षा हेतु मुद्दों पर चर्चा की गई। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत रतलाम, रतलाम नगर ईकाई के नगर अध्यक्ष राजेश व्यास ने मध्यप्रदेश के भोपाल और इंदौर शहर में संभ्रांत समाज की छात्राओं व महिलाओं को नवयुवकों ने सुनियोजित षड्यंत्र के अंतर्गत छ्- नाम रखकर डांस क्लासेस संचालक व कोरियोग्राफर बनकर डांस सिखाने के नाम पर आर्थिक व शारीरिक शोषण किया। शहर में भी पूर्व में डांस क्लास के संचालक द्वारा ऐसी ही घटना घटित की गयी थी व वर्तमान में भी शहर के मुख्य बाजारों व कॉलोनियों, गली मोहल्लों में ऐसी कई डांस क्लासेस संचालित की जा रही है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत रतलाम ने निवेदन किया की ऐसे सभी डांस क्लास मे सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य किये जावे एवं समस्त संचालकों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाए जिससे शहर में महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार का अपराध नहीं हो सके। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के मालवा प्रांत सह सचिव अनुराग लोखंडे, नगर पर्यावरण प्रमुख निलेश शुक्ला, नगर विधि प्रमुख वैभव बैरागी उपस्थित रहे। यह जानकारी अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत रतलाम इकाई के प्रचार प्रसार प्रमुख नीरज बरमेचा ने दी।

### 8 मई को रतलाम के जावरा रोड अंडर ब्रिज से आवागमन प्रभावित

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मण्डल के रतलाम जंक्शन प्लेटफार्म क्रमांक 1/2 के पास स्थित जावरा रोड अंडर ब्रिज का मरम्मत किया जाना प्रस्तावित है। जावरा रोड अंडर ब्रिज से लीकेज की समस्या को ठीक करने के लिए 8 मई को इंजीनियरिंग विभाग द्वारा लगभग पांच घंटे का ब्लॉक लिया गया है। मरम्मत कार्य हेतु प्रस्तावित ब्लॉक के कारण 08 मई, 2025 को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 15.00 बजे तक सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए बंद रहेगा। इस दौरान सड़क उपयोगकर्ता अन्य उपलब्ध मार्गों का उपयोग कर सकते हैं।

### जल गंगा अभियान के तहत सभी जनपद स्तर पर खेत तालाब स्वीकृति हेतु शिविर 9 मई को

**रतलाम।** सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव ने बताया कि जल संरक्षण के लिए शासन द्वारा 30 जून तक चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले के किसानों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए खेत तालाब स्वीकृत करने की प्रक्रिया को त्वरित एवं पारदर्शी किए जाने हेतु 9 मई को प्रत्येक जनपद स्तर पर प्रात 10 से सायं 6 बजे तक शिविर आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। शिविर का मुख्य उद्देश्य हितग्राही जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, घुमन्तु जनजाति, बीपीएल परिवार, ऐसे परिवार जिसकी मुखिया महिला हो, ऐसे परिवार जिनके मुखिया दिव्यांग हो, भूमि सुधार के लाभार्थी परिवार, इंदिरा आवास योजना के हितग्राही, वन अधिकार पट्टाधारी एवं लघु सीमान्त कृषक की श्रेणी में आते हों को लाभान्वित किया जाना है। जनपद स्तर पर आयोजित शिविर में खेत तालाब स्वीकृति हेतु हितग्राहियों को समस्त आवश्यक दस्तावेज जैसे खसरा, खतौनी, जाब कार्ड, बैंक पासबुक प्रति, आधार कार्ड की प्रति लेकर उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है। शिविर का आयोजन जनपद पंचायत कार्यालय में किया जाएगा, जिसमें हितग्राही सीधे आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। प्राप्त आवेदनों का पंजीकरण उपरांत गुगल शीट में प्रविष्टि की जाएगी एवं प्राप्त आवेदनों के स्वीकृति की कार्यवाही हेतु ग्राम पंचायत को प्रेषित किया जाएगा। ग्राम पंचायत की कार्यवाही के पश्चात् तीन दिवस के भीतर उपयंत्री द्वारा कार्य की तकनीकी स्वीकृति जारी की जाएगी। ।

### कलेक्टर, एस.पी. ने सुरक्षा की दृष्टि से इंडियन आयल डिपो का निरीक्षण किया

**रतलाम।** जिले के बांगरोद स्थित इंडियन आयल डिपो का बुधवार को कलेक्टर राजेश बाथम तथा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया। आयल डिपो के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं एस.पी. द्वारा आयल डिपो के कंट्रोल रुम का बारिकी से निरीक्षण कर डिपो के स्टाफ से चर्चा की एवं विभिन्न सुरक्षा इंतजामों की जानकारी भी प्राप्त की। सुरक्षा के लिए सुरक्षा टीम के रिस्पांस समय की जानकारी ली। कलेक्टर तथा एस.पी. ने सम्पूर्ण डिपो परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर ग्रामीण एसडीएम विवेक सोनकर, एसडीओपी पुलिस किशोर पाटनवाला, नामली थाना प्रभारी श्री डामोर भी साथ थे।

जावरा पुलिस की बड़ी सफलता,

# बीस लाख की अवैध एमडी ड्रग के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

## ड्रग खरीदने वाले आरोपी की तलाश जारी

**रतलाम।**

जिले में नशीले पदार्थो के कारोबार के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में जावरा पुलिस ने बड़ी उपलब्धि अर्जित की है। जावरा पुलिस ने अवैध ड्रग एमडी की तस्करी करते आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बीस लाख रु मूल्य की 200 ग्राम एमडी जब्त की है।

इस मामले में एमडी जिस व्यक्ति को दी जाना थी उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने कंट्रोल रूम पर आयोजित प्रेस वार्ता में इस उपलब्धि की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जावरा शहर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह जादौन के मार्गदर्शन मे सउनि सगीर खान ने मुखबिर से मिली एक सुचना के आधार पर अपनी टीम के साथ मंगलवार को महु नीमच फोरलेन रोड जावरा पर स्थित पटेल होटल के सामने से आरोपी कमलेश जैन पिता पुनमचन्द्र जैन जाति जैन उम्र - 51 साल निवासी शास्त्री नगर रतलाम व साबीर खान पिता मेहमुद खान जाति पठान उम्र 27 साल निवासी डाट की पुल रतलाम को अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स 200 ग्राम किमती 20 लाख व एक सफेद रंग की स्वीफ्ट कार क्र रूक्क- 43 ;/7047 के साथ गिरफ्तार किया ।



उक्त मामले में थाना जावरा पर अप.क्रं- 168/2025 धारा- 8/22,29 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । आरोपीयो से पुछताछ मे उक्त अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स सुनील सूर्या निवासी शास्त्री नगर रतलाम को देना बताया । सुनील सुर्या के संबंध मे जानकारी मिली कि आरोपी के विरुध्द कई गंभीर प्रवृत्ती के अपराध पंजीबध्द है जिसके संबंध मे जानकारी एकत्रित की जा रही है । आरोपीयो को न्यायालय पेश कर आरोपीयो का पीआर प्राप्त कर आरोपीयो से अवैध मादक पदार्थ के सम्बंध मे पुछताछ जारी है ।

गिरफ्तार आरोपी = कमलेश जैन पिता पुनमचन्द्र जैन जाति जैन उम्र - 51 साल निवासी शास्त्री नगर रतलाम, साबीर खान पिता मेहमुद खान जाति पठान उम्र 27 साल निवासी डाट की पुल रतलाम

फरार आरोपी : सुनील सूर्या निवासी शास्त्री नगर रतलाम

जप्त मश्रुका : एक प्लास्टिक थैली मे भरा 200 ग्राम मादक पदार्थ रूष्ठ ड्रग्स किमती 20,00,000/- रुपये, एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार क्र रूक्क- 43 ;/7047 जिसका चेंचीस नम्बर रूक्च॥ र्ष्ट्क्च 3स्ह॥79550 व इंजिन नम्बर य1ह्क्क1287078 किमती 700000 रुपये करीब कुल किमती मश्रुका 27,00,000/- (सत्ताईस लाख रुपये )

सराहनीय भुमिका : अवैध मादक पदार्थ जब्त करने में निरीक्षक जितेन्द्र सिह जादौन, सउनि. सगीर खान , प्रआर मनमोहन शर्मा (सायबर सेल रतलाम), प्रआर.जाकिर खान, प्रआर.अजय कुमार दुबे ,प्रआर.मृदंग सातपुते,आर. राधेश्याम चोहान,आर. यशवन्त जाट, आर. रवि कुमार, आर. रामप्रसाद मीणा, आर. चन्द्रपालसिह, आर. सुरेन्द्र सिह, आर. राजेश पंवार, आर.अभय चोहान, आर. जीवन विश्वकर्मा, आर. सुगडसिह, आर. शैलेन्द्रसिह, आर. नारायणसिह, आर. सोनपाल राय, आर. देवेन्द्र शर्मा, आर. मोहित नोगिया, आर. रणजीत सिह, आर. विष्णुसिह एवं आर तुषार की सराहनीय भुमिका रही है।

# सूने मकान में लगी आग

## डेढ़ लाख रुपए समेत सामान जलकर राख; घर के लोग मंदिर गए थे

**रतलाम।**

एक मकान में आग लगने से डेढ़ लाख रुपए और अंदर रखा सामान गया। करीब डेढ़ घंटे में दो फायर लॉरी से आग पर काबू पाया। घटना बुधवार दोपहर कस्तुरबा नगर से सटे सुंदरवन कॉलोनी में हुई। आग के समय परिवार के सदस्य शास्त्री नगर स्थित साईं मंदिर गए थे।



मकान रेलवे से रिटायर्ड स्वर्गीय राजेश कुमार महाशा का है। घर में दामाद राज गोयल, बेटी व उनकी सास रहती है। तीनों दोपहर में साईं मंदिर दर्शन गए थे। पड़ोसियों ने घर के पहली मंजिल के एक कमरे से आग की लपटे देख राज गोयल को बताया।

वह आए इतने रहवासियों ने नगर निगम फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लोगों की भीड़ लग गई। जैसे-तैसे पड़ोसियों ने घर के अंदर से गैस की टंकी व अन्य सामान निकाला जा सका।

### गेट तोड़कर

### पानी की बौछार की

फायर लॉरी कर्मचारियों ने दरवाजे को तोड़ घर के कमरे में पानी की बौछार की। करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। आग के कारण घर का छत पंखा समेत दरवाजे, बिलजी बोर्ड भी पूरी तरह से जल कर राख गया। कमरे में बिस्तर, पलंग पेटी व अन्य सामान के साथ करीब डेढ़ लाख रुपए भी रखे थे। वह भी जल कर राख हो गए। बताया जा रहा है कि कमरे में बच्चों के फटाके भी रखे थे। आग के कारण वह भी फूटते रहे। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट सामने आ रहा है।

### तीन दिन पहले भी लगी

राज गोयल ने बताया कि तीन दिन पहले भी घर के ऊपरी मंजिल के बरामदे में एसी के तार के यहां आग लगी थी। लेकिन समय रहते देख लेने पर पानी डालकर बूझा दिया। आज फिर घर में कोई नहीं थे। आग लग गई। फायरमैन शेखर चावरे, हेमेंद्रसिंह सोलंकी, यकीदुन अंसारी, पायलट संदीप ऊंटवाल ने आग पर काबू पाया।

### सिंदूर के रक्षक योग से आसुरी शक्तियों को ध्वस्त करें

**रतलाम।** सनातनमयी मनुष्य अखंड भारत भूमि का ऋण चुकाने योगी तिलकधारी सिंदूर के रक्षक बन आसुरी शक्तियों को ध्वस्त करें मानव जीव प्रकृति पंच तत्वों की संरक्षा के लिए ऋषि परम्परा योग आयुर्वेद स्वदेशी भारतीय शिक्षा चिकित्सा की क्रांति का युग आ गया। प्रत्येक प्राणी शुद्ध आहार शुद्ध विचार शुद्ध व्यवहार अपनाकर रोगी ऋणों बंधनों से मुक्त रहे पतंजलि योगपीठ हरिद्वार जिला रतलाम संगठन द्वारा 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर प्रातः 05.30 से 07.30 बजे विधायक क्रीड़ा केन्द्र विरियाखेड़ी जहाँ हर आयु वर्ग परिवार संग मन वचन कर्म पवित्र भाव लिए योग गंगा में प्रवाहित हो रहें। महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन के आतिथ्य में योगाभ्यास का लाभ शिविरार्थियों ने लिया राज्य प्रभारी प्रेमा राम पुनिया ने बताया समाज का प्रतिनिधि हर वर्ग परिवार का शक्ति केन्द्र मुलाधार है। डॉ. जैन के सेवा भाव को लेकर गुरु धाम पुज्य स्वामी रामदेव जी समक्ष दिव्य आशिर्वाद प्राप्त कर्ता जिला कार्यकारिणी में मुख्य भूमिका के लिए चयन किया गया। अन्य समाज प्रमुख प्रबुद्धजनो को पतंजलि संगठन से जोडकर योगमय रतलाम धरा को स्वच्छ स्वस्थ समृद्ध परिवार की नीव मजबूत करने में संगठन पदाधिकारी प्रयत्नशील हैं।



### एक कुंडी पांच दिवसीय यज्ञ की पूर्णाहुति, आरती के साथ समापन हुआ



**रतलाम।** पंचमुखी हनुमान मंदिर पर चल रहे पांच दिवसीय एक कुंडी यज्ञ कीआज पूर्णाहुति कर समापन एवं आरती, प्रसादी वितरित की गई। पंडित राजेंद्र उपाध्याय, रवि मेहता, कांतिलाल पंडया, शुभ पाठक के सामूहिक मंत्रोचार के साथ यजमान प्रणव कुमार द्विवेदी ने सपत्नी यज्ञ में आहुति देकर धर्म लाभ लिया। इसके पश्चात सभी धर्मालुजनों ने आरती की प्रसादी वितरित की तथा भारत माता की जय नारो के साथ मंदिर को गूंजायमान किया। इस अवसर पर पीएचई इंजीनियर दिलीप भूरिया, ट्रस्टी सुनील मेहता, शंकरलाल मालवीय, प्रकाश चंद्र व्यास, अनिल श्रीवास्तव, प्रदीप ओझा, उषा भार्गव, सुनील राठौर, महेश, सांखला सहित बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष उपस्थित थीं।

# संविधान बचाओ रैली सभा का का आयोजन

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी जी उमंग सिंगार जी एवं प्रभारी हरीश चौधरी जी रतलाम में

**रतलाम।**

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया की 8 मई को स्थानीय विधायक सभागृह बड़बड़ पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भारतीय संविधान के मूल्यों की एवं वंचित, शोषित, दलित वर्ग को संविधान में प्रदत्त अधिकारों एवं हितों की रक्षा हेतु एक विशाल संविधान बचाओ रैली सभा का आयोजन किया जा रहा है।

इस सभा को संबोधित करने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी हरीश चौधरी मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव आनंद चौधरी, जिला संगठन प्रभारी विधायक प्रताप ग्रेवाल रतलाम पधार रहे हैं।

इस अवसर पर होने वाली सभा को सफल बनाने के लिए रतलाम पूर्व विधायक हर्ष विजय गहलोत, पारस सकलेचा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा कार्यवाहक अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह अठाना, फैयाज मंसूरी नगर निगम उपनेता कमरुद्दीन कछवाय, श्रीमती यास्मीन शैरानी, जिला युवा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मयंक जाट, पूर्व उपमहापौर सतीश पुरोहित, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम चाहर, श्री मति प्रेमलता दवे, प्रदेश कांग्रेस सचिव फरजाना खान, सेवादल राजनाथ यादव, महिप मिश्रा, रतलाम शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत पंड्या, सोहेल काजी, वीरेंद्र प्रताप सिंह, गणेश यादव, महामंत्री राजीव रावत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रकाश प्रभु राठौर, रजनीकांत व्यास, प्रवक्ता जोएब आरिफ, सुजीत उपाध्याय, रश्मि सिंह, सचेतक श्रीमती आशा रावत, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष हितेश पेमाल, युवक कांग्रेस अध्यक्ष सैयद वुसत, हस्थु अध्यक्ष निलेश शर्मा, पिछड़ा वर्ग राजेश प्रजापत, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महमूद खान शैरानी,वरिष्ठ पार्षद नासिर कुरेशी, सलीम बागवान, वहिद शैरानी, कविता महावर,वसीम अली, आरिफा कछवाय, रुखसाना खान,पियूष बाफना, विधि प्रकोष्ठ के योगेश शर्मा, सुनील लखोटिया, इक्का बैलूत, इकरार चौधरी। ने सभी आम जनता से अपील की हे कार्यक्रम को सफल बनावे।

# फंदे पर लटके मिले नवविवाहित दंपती

## देर रात सोए थे, सुबह नहीं खोला दरवाजा, चार महीने पहले हुई थी कोर्ट मैरिज

**रतलाम।** पंचेड़ गांव में बुधवार सुबह एक नवविवाहित जोड़ा फांसी के फंदे पर लटका मिला। गांव के जितेंद्र बागरी और उसकी पत्नी दुर्गा के शव उनके कच्चे मकान में फंदे से लटके मिले। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मजदूरी करने वाले जितेंद्र की शादी दुर्गा से मात्र चार महीने पहले ही हुई थी। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है और दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

### देर रात सोए थे, सुबह नहीं खोला दरवाजा

परिजनों ने बताया कि रात को दोनों 12 बजे सोए थे। अंदर से दरवाजा लगा हुआ था। सुबह जब उठे नहीं तो पिता अंबाराम ने जाकर दरवाजा खटखटाया। लेकिन, अंदर से कोई जवाब नहीं आया। तब घर के अन्य सदस्य पहुंचे। धक्का देकर दरवाजा खोला। दोनों अंदर छोटे कमरे में बात की बल्ली पर फांसी के फंदे पर लटके थे। फिर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के आने से पहले ही परिजनों ने दोनों के शव नीचे उतार लिए। सूचना पर रतलाम ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला के साथ नामली थाना प्रभारी पातीराम डावरे और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे।



### चार माह पहले हुई कोर्ट मैरिज

पिता अंबाराम ने पुलिस को बताया बेटे ने चार माह पहले कोर्ट मैरिज की थी। बहू की यह दूसरी शादी थी, इससे पहले पूर्व पति की मौत हो चुकी है, उसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। बहू नागदा की रहने वाली है, उसके माता पिता नहीं है, वह अपने काका के पास रहती थी।

ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला ने बताया सुबह सूचना मिलने पर नामली टीआई समेत मौके पर पहुंचे थे, मृतक की पत्नी की दूसरी शादी थी। सारे एंगल से जांच की जा रही है।




## यू.एस.के.ए.आई. द्वारा कराते बेल्ट परीक्षा का सफल आयोजन

इंदौर -यूनाइटेड शिदो कराते एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा कराते कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन 4 मई रविवार को खातिवाला टैंक स्थित रॉबिन जिम मे किया गया। जिसमें मुख्य रूप से (एम.पी.एस.के.ए.) के अध्यक्ष श्री कमल सोनी की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ, संस्था के सचिव एवं तकनीकी डायरेक्टर सिहान कृपा कान्त सोनी जी ने बताया की प्रशिक्षक भारत सिंह राठोर, आरती त्रिवेदी, मनीष गौर, विपुल त्रिवेदी, पिंकी पवार व आस मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों द्वारा अलग-अलग कलर बेल्ट परीक्षा मे बड़ चड़कर हिस्सा लिया और सफलता हासील की जिसमे ।

**ब्लू बेल्ट समूह मे** -गाजल डांडे, निष्ठा कुशवाह, मानया शर्मा, प्रसिद्धि शर्मा, सुहानी सचान, साची सिंग, शुभम दौलत, पी बिलहानी, तनिशा दर्शिमा, गगन चोरसिया, वैशनवी प्रजापत, संस्कृति कुशवाह, चित्रांश पटेल, सोभीका जैन, नेतिक गुप्ता

**येलो बेल्ट समूह मे** -महिमा प्रजापत, अराध्या लड्डा, झलक जैन, विनाया बरेठा, नित्या असलिया, अक्षत पाराशर, अंतु शर्मा, केथवी पूरोहित, दिव्यांश सींग ।

**ऑरेंज बेल्ट समूह मे** -अशिना जैन, कनक गाड़े, सार्थक वाल्मीकि, ईशान सींग राठोर ।

**ग्रीन बेल्ट समहू मे** -देवाशीश जांगड़ा, लवनिश मेवाड़ा, परवी नीमा, दिव्या कश्यप ।

**प्रोवि. ब्राउन बेल्ट समूह मे** -अदम्य सोनी, चित्रांश हंडेला, वेदिका चौहान, ललित जांगीड़, हरे कृष्णा गंगेले, सरागवी मालवीय ।

**प्रोवि. ब्लैक बेल्ट समूह मे** - वंशिका चौहान, गौरांश ठाकुर । इन सभी सफल खिलाड़ियों को मुख्य अथिति द्वारा शुभकामनाए देते हुए आयोजनकर्ताओ के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजन समिति के मुख्य सूत्रधार सेंसाई भारत सिंग राठोर और मनीष गौर जी ने मुख्य अतिथि और उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## नेपाल अंतराष्ट्रीय माउंट एवरेस्ट कराते



## स्पर्धा के लिए एलेट टीम घोषित

इंदौर। नेपाल कराते महासंघ के तत्वाधान में एवं विश्व कराते संघ के सानिध्य में दिनांक 16 से 19 मई तक काठमांडू नेपाल में आयोजित होने वाली 11वि माउंट एवरेस्ट अंतर्राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में रतलाम भोपाल व इंदौर के 10 खिलाड़ी एलेट स्पोर्ट्स से देश का प्रतिनिधित्व करेंगे ये खिलाड़ी स्कूल शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय स्पर्धा एवं खेल युवा कल्याण की राज्य स्तरीय फेंसिंग व कराते स्पर्धा में भी खेल चुके है ।

हाल ही में ऋषिकेश में हुई राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में भी पदक हासिल कर चुके है । चयनित खिलाड़ियों में इंदौर से राजवीर सिंह जादौन, शुभ गांधी ,रचित खोट , साक्षी लोधी शामिल है । रतलाम से आर्यन बाली ,चयन भाटी ,शौर्य चावड़ा , माही बाली शामिल है । भोपाल से अश्विन राठौर एवं माही धारू शामिल है । स्पर्धा के मुख्य अतिथि नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल होंगे । टीम के मुख्य कोच अमय लश्करी होंगे । चयनित खिलाड़ियों को एलेट स्पोर्ट्स अकादमी की अध्यक्ष मीनू गौर ने बधाई दी ।

# चेन्नई ने बिगाड़ा कोलकाता का खेल, 2 विकेट से हराया

## ब्रेविस ने 52 रन, शिवम दुबे ने 45 रन बनाए ; नूर अहमद को 4 विकेट




**कोलकाता।** चेन्नई सुपरकिंग्स (छस्क्य) ने IPL के 57वें मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स (KKR) पर 2 विकेट की रोमांचक जीत हासिल की है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब चेन्नई ने पावरप्ले में 5 विकेट गंवाने के बाद टारगेट चेज किया है। टीम ने 180 रन का टारगेट 19.4 ओवर में 8 विकेट पर हासिल कर लिया। कप्तान एमएस धोनी 17 रन बनाकर नाबाद लौटे। डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 बॉल पर 52 और शिवम दुबे ने 40 बॉल पर 45 रनों की पारी खेली। उर्विल पटेल ने 11 बॉल पर 31 रन बनाए। वैभव अरोड़ा ने 3 विकेट झटके। हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती को 2-2 विकेट मिले। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 48 रन बनाए। आंद्रे रसेल ने 38 और मनीष पांडेय ने नाबाद 36 रन का योगदान दिया। नूर अहमद ने 4 विकेट झटके। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। मैच का स्कोरबोर्ड कोलकाता ने 12 में से 6 मैच गंवा दिए हैं। टीम के पास 11 अंक है। नाइटराइडर्स की टीम छठे नंबर पर है। चेन्नई ने इस मुकाबले को 2 विकेट से जीत लिया है। धोनी ने 20वें ओवर की पहली बॉल पर छक्का लगाते हुए जीत पक्की कर दी थी। फिर अंशुल कंबोज ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। चेन्नई की इस जीत से कोलकाता की आगे की राह मुश्किल हो गई है। अब नाइटराइडर्स की 15 अंक तक ही पहुंच सकेगी यानी कि टीम को दूसरों पर निर्भर रहना होगा। 19वें ओवर में चेन्नई ने 7वां विकेट गंवाया। यहां शिवम दुबे 45 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया। ओवर की आखिरी बॉल पर नूर अहमद 2 रन पर आउट हुए। उन्हें रिंकू सिंह ने कैच आउट किया। RCB ने देवदत्त पडिक्कल की जगह मयंक अग्रवाल को टीम में शामिल किया। देवदत्त की दाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है। मयंक 1 करोड़ रुपए में RCB से जुड़े। DC ने हैरी ब्रूक की जगह सेदिकुल्लाह अटल को टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने निजी कारणों से लीग से हट गए थे। अटल अपने बेस प्राइस 1.25 करोड़ पर छ्ष्ट से जुड़ेंगे।

## आरूष, आरिज, वैदेही, ऋषिना सेमीफइनल में






**इंदौर। मध्य प्रदेष टेनिस संघ के द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की जा रही आदिनाथ फलेक्सीपैक प्राईवेट लिमिटेड ऑल इण्डिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए एकल क्वाटरफाइनल मैच में मध्यप्रदेष के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्षन करते हुए बालक वर्ग से आरूष जैन, मोहम्मद आरिज खान ने तथा बालिका वर्ग से वैदेही शुक्ला, ऋषिना त्रिपाठी ने सेमीफाइनल में प्रवेष कर लिया है। शेष परिणाम इस प्रकार रहेः-**

**बालक बर्ग-16 वर्ष आयु (एकल क्वाटरफाइनल)**-आरूष जैन (म.प्र.) विवि अथर्व पालोद (म.प्र.) 6-2, 6-4, मो. आरिज खान (म.प्र.) विवि षिवांष अग्रवाल (म.प्र.) 6-2, 7-6, अमान खान (म.प्र.) विवि रंष गोटावाला (गुज.) 6-2, 6-0, पृथ्वी सिंह चौहान (गुज.) विवि अर्जन अरोरा (म.प्र) 6-3, 6-1

**बालिका बर्ग-16 वर्ष आयु (एकल क्वाटरफाइनल),** वैदेही शुक्ला (म.प्र.) विवि खुषवी पड़ीयार (राज.) 6-4, 6-3, ऋषिना त्रिपाठी (म.प्र.) विवि दृष्टिराज झाला (राज.) 6-0, 6-0, पलक मालवीय (म.प्र.) विवि मनुस्मृति सिंह (म.प्र.) 6-2, 6-3, असमी रघुवंषी (राज.) विवि अहाना फलजले (म.प्र.) 6-2, 6-1

**बालक बर्ग-16 वर्ष आयु (युगल क्वाटरफाइनल)**-तनय जैन-हृदीयांष उपाध्याय विवि विहान पोंगड़े-कृष्णा रानी 4-6, 6-1, 10-6 , माधव शाह-रंष गोटावाला विवि रूद्राक्ष बजाज-रूहान तलरेजा 6-3, 6-2, त्रिषिर धवन-सुविग्या चौधरी विवि अर्जन डारोरा-युग जैन 4-6, 6-0, 10-7

**बालिका बर्ग-16 वर्ष आयु (युगल क्वाटरफाइनल)**-ऋषिना त्रिपाठी-पलक मालवीय विवि रेयवा मलिक-श्रन्या जोषी 6-0, 6-0, असमी रघुवंषी-मनुस्मृति सिंह विवि सोनिया दत्ता-अहाना फलजले 6-4, 6-1



## नेशनल पिट्ठू चैंपियनशिप का प्रारंभ

इंदौर। पिट्ठू फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पिट्ठू एसोसिएशन ऑफ मप्र द्वारा मोयरा कप 5वी सीनियर एवं दूसरी सब जूनियर नेशनल पिट्ठू चैंपियनशिप का शुभारंभ मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं पिट्ठू फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पिट्ठू एसोसिएशन ऑफ मप्र के अध्यक्ष हरिनारायण यादव, सचिव गुलाब सिंह चौहान, मोयरा ग्रुप के संदीप जैन, नवीन गौड़, ईश्वर सिंह चौहान, पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया ने दीपप्रज्वलन कर किया । चैंपियनशिप में 22 राज्यों के 700 खिलाड़ी व अधिकारी भाग ले रहे है ।

## रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के हिटर रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने अपने



इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी शेयर कर रिटायरमेंट की जानकारी दी। टी-20 से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित वनडे खेलना जारी रखेंगे। बुधवार शाम को रिपोर्ट्स आई थीं कि उन्हें इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट कप्तानी से हटाया जाएगा, जिसके बाद उन्होंने रेड बॉल क्रिकेट को अलविदा कह दिया।

**सपोर्ट के लिए धन्यवाद-** रोहित शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, हैलो, मैं सभी को बताना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले रहा हूं। रेड बॉल क्रिकेट में देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गौरव का पल रहा। प्यार और सपोर्ट के



## टेबल टेनिस राज्य विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

इन्दौर। इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन द्वारा इंदौर के गत वर्ष के मध्य प्रदेश के राज्य विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अभय प्रशाल में आयोजित एक सादे समारोह में बालक वर्ग में पंकज विश्वकर्मा-पुरूष, अनुज सोनी अंडर-19, मृदुल जोशी अंडर-17 एवं अंडर-15, वंश चौहान अंडर-13, साकार भार्गव अंडर-11, वही महिला वर्ग में पूजा शर्मा-महिला, भव्या राव अंडर-15, जाकिया सुल्तान अंडर-13, आरवी जैन अंडर-11 आयु वर्गों में राज्य विजेता होने पर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। जिला टेबल टेनिस संगठन द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को नगद ईनामी राशि व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश ओलिपिंक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी, मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, नरेंद्र कौशिक, रिंकु आचार्य, आलोक खरे, जिला सचिव नीलेश वेद, गौरव पटेल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिरीष भागवत ने किया व आभार नरेंद्र शर्मा ने माना।

## भारतीय महिला बेसबॉल टीम ने थाईलैंड में चौथे एशिया कप क्वालीफायर में रजत पदक जीता

इंदौर। भारतीय महिला बेसबॉल टीम ने 23 अप्रैल से 29 अप्रैल, 2025 तक बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित चौथे एशिया कप क्वालीफायर में रजत पदक जीता है। इसके साथ ही भारत ने 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 तक होने वाले चौथे एशिया कप के लिए आधिकारिक रूप से क्वालीफाई कर लिया है।



उनके साथ मध्यप्रदेश की दोनों खिलाड़ी फ़ाईजा अली और नम्रता गौड भी इस टीम में शामिल थीं। मध्यप्रदेश की दोनों खिलाड़ियों ने अच्छी पारी खेली और भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रजत पदक के साथ ऐतिहासिक योग्यता भारतीय टीम ने फाइनल तक पहुंचने के लिए क्वालीफायर में कड़ी टक्कर दी और रजत पदक जीतकर देश का परचम लहराया। यह सफलता सिर्फ पदक तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि यह भारत के लिए चौथे एशिया कप का आधिकारिक प्रवेश द्वार भी बन गई। इस अभूतपूर्व सफलता के लिए मध्यप्रदेश बेसबॉल संगठन के अध्यक्ष पुष्यमित्र भार्गव (महापौर) एवं महासचिव महेश जोशी ÷मोनी÷ और विशेषकर मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। बेसबॉल के मैदान में भारतीय महिलाओं ने इतिहास रच दिया। इस रजत पदक के साथ भारतीय महिला बेसबॉल टीम ने न केवल सफलता हासिल की है, बल्कि आगामी एशिया कप के लिए एक नया हौसला भी हासिल किया। प्रतियोगिता में आठ देशों की टीम में सम्मिलित हुई थी। लीग माचो में भारत ने श्रीलंका को 14-04, पाकिस्तान को 2-1 एवं ईरान को 13-0 से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया ने भारत से 6-5 के स्कोर से विजय प्राप्त की।भारत अब 26 अक्टूबर को होने वाली मुख्य प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक के लिए तैयार मे जुड़ जाएगा ! खिलाड़ियों को गिरीश उपाध्याय, विश्वास खेर, शैलेंद्र सिंह,किशन पुरोहित, मयंक श्रीवास, अंकित जोशी, हर्षदीप चौहान, राजू यादव आदि में बधाइयां प्रेषित की

# आई.पी.एस.सी. स्क्वाश चैंपियनशिप संपन्न

**इंदौर। डेली कॉलेज में पिछले पाँच दिनों से चल रही आई.पी.एस.सी. स्क्वॉश चैंपियनशिप का आज समापन हो गया। इन पाँच दिनों में बहुत कश्मकश भरे मैच देखे गए। नवोदित खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा की चमक से न केवल सभी को चमत्कृत किया बल्कि यह आश्वस्त भी किया कि भारत के स्क्वॉश का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है। पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि डेली कॉलेज इंदौर की प्राचार्या डॉ. गुनमीत बिंद्रा थीं। उन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए, उन्हें उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डेली कॉलेज के उप प्राचार्य सर्वश्री तुषार भारद्वाज, सोमेन सिंहबाबू के अलावा डेली कॉलेज के बर्सर श्री हर्षवर्धन सिंह, मुख्य स्क्वॉश प्रशिक्षक श्री गजेंद्र सिंह तथा स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर श्री हरदीप सिंह गिल भी मौजूद थे।**

**प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार हैं --**

द्वितीय उपविजेता-अजमायरा जिंदल (राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल), द्वितीय उपविजेता- पद्मिनी सिंह जूदेव (मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल), उपविजेता - आहाना गुप्ता (राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल), विजेता- नव्या खंडेलवाल (डेली कॉलेज)

**बालक - अंडर 12-** द्वितीय उपविजेता- मृगांक गर्ग (वेलहम बॉयज स्कूल), द्वितीय उपविजेता- अंजन सिंह (वाईपीएस पटियाला), उपविजेता- जयवीर गुप्ता (डेली कॉलेज), विजेता- हर्षवीर पाहवा (डेली कॉलेज)

**बालिकाएँ - अंडर 14-** द्वितीय उपविजेता- काव्या झंवर (ईएचआईएस), द्वितीय उपविजेता- सिमरित मनोचा (डेली कॉलेज), उपविजेता- सनाहिता (मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा) ,विजेता- आराधना (मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा)

**बालक - अंडर 14-** द्वितीय उपविजेता- विराट झांगरा (मेयो कॉलेज), द्वितीय उपविजेता- सोहम नागदा (डेली कॉलेज), उपविजेता- ज़ेयान अली (मेयो कॉलेज), विजेता- अभ्युदय (मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा)

**बालिकाएँ - अंडर 17-**द्वितीय उपविजेता- वान्या गुप्ता (डेली कॉलेज), द्वितीय उपविजेता- अद्रिका डे (असम वैली स्कूल), उपविजेता- कात्यायनी शक्तावत (एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल) विजेता- देवश्री (मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा)

**बालक - अंडर 17-** द्वितीय उपविजेता- दिव्यम उपाध्याय (आर.के.सी., रायपुर), द्वितीय उपविजेता- अन्मय रुंगटा (वेलहम बॉयज



स्कूल),उपविजेता- देवांश (मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा), विजेता- गुरकीरत सिंह (राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज)

**बालिकाएँ - अंडर 19-** द्वितीय उपविजेता- दिवीना सोमैया (डेली कॉलेज), द्वितीय उपविजेता- तारा संधू (मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल), उपविजेता- ईशिका आनंद (डीपीएस आर.के.पुरम), विजेता- छवि सरन (राजमाता कृष्ण कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल)

**बालक - अंडर 19-**द्वितीय उपविजेता- भव्यराज सिंह नेगी (डेली कॉलेज), द्वितीय उपविजेता- देव अग्रवाल (मेयो कॉलेज), उपविजेता- तेजस्व धंधानिया (वेलहम बॉयज स्कूल),विजेता- अतुलित त्रिपाठी (वेलहम बॉयज स्कूल)

**टीम स्पर्धा- बालिकाएँ - अंडर 12-** द्वितीय उपविजेता- मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल, द्वितीय उपविजेता- एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, उपविजेता- राजमाता कृष्ण कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विजेता- डेली कॉलेज

**बालक - अंडर 12-**द्वितीय उपविजेता- यादवेंद्र पब्लिक स्कूल, पटियाला, द्वितीय उपविजेता- एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, उपविजेता- वेलहम बॉयज स्कूल, विजेता- डेली कॉलेज

**बालिकाएँ - अंडर 14-** द्वितीय उपविजेता- राजमाता कृष्ण कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, द्वितीय उपविजेता- मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल, उपविजेता- डेली कॉलेज, विजेता- मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा

**बालक - अंडर 14-** द्वितीय उपविजेता- एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, द्वितीय उपविजेता- डेली कॉलेज, उपविजेता- मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा, विजेता- मेयो कॉलेज

**बालिकाएँ - अंडर 17-** द्वितीय उपविजेता- राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज, द्वितीय उपविजेता- असम वैली स्कूल, उपविजेता- राजमाता कृष्ण कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विजेता- एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल

**बालक - अंडर 17-** द्वितीय उपविजेता- डेली कॉलेज, द्वितीय उपविजेता- यादवेंद्र पब्लिक स्कूल, पटियाला, उपविजेता- एल. के. सिंघानिया स्कूल, राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज

**बालिकाएँ - अंडर 19-**द्वितीय उपविजेता- एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, द्वितीय उपविजेता- एम.एन.एस.एस. राय, उपविजेता- डेली कॉलेज, विजेता- राजमाता कृष्ण कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल

**बालक - अंडर 19-** द्वितीय उपविजेता- मेयो कॉलेज, द्वितीय उपविजेता- दून स्कूल, उपविजेता- डेली कॉलेज,विजेता- वेलहम बॉयज स्कूल

## डेथ ओवरों में रन बनाने में स्टब्स सबसे आगे

**नई दिल्ली** । दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में डेथ ओवरों के गेंदबाजों की मुसीबत बने हुए हैं। इसी कारण स्टब्स को इस सत्र का सबसे बेहतर फिनिशर कहा जा रहा है। पिछले सत्र में भी उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। स्टब्स ने आईपीएल 2024 के बाद से अब तक सबसे ज्यादा रन अंतिम ओवरों में ही बनाए हैं। मैच फिनशर की भूमिका ट्रिस्टन स्टब्स अच्छे से निभा रहे हैं। पिछले सत्र में वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे थे।

# 12 मिनिट का ब्लैक आउट




# आपातकाल परिस्थितियों से निपटने के लिए शहर में मार्क डील


इन तस्वीरों में देखिए कैसे इंदौर में मॉक ड्रिल की गई।




फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने डेंटल कॉलेज में आग बुझाने के लिए मॉक ड्रिल की।

इन्दौर । पहलगांव में कोई आतंकी हमले में 26 लोगों को गोली मारी गई थी इसलिए आज भारत में कल रात पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक आतंकीयो के ठिकानों पर की गई थी इसको देखते हुए आज मंत्रालय के निर्देश पर देश के सभी रा'यों में आज होने वाली मॉक ड्रिल के लिए एमपी के भी पांच शहरों को चुना गया है।इनमें इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी शामिल हैं। यह मॉक ड्रिल केंद्र सरकार की ओर से शाम तक जारी की जाने वाली गाइडलाइन के आधार पर की जा रही है।

कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि सिविल डिफेंस के लिए यह मॉक ड्रिल जरूरी है। यह सावधानी के लिए की जा रही है, लोगों को किसी भी तरह से परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके लिए मंगलवार देर रात तक बैठकों के बाद बुधवार को भी दो अलग-अलग बैठकें हुई।पुलिस कमिश्नर संतोषकुमारसिंह ने बताया कि बिल्डिंग में आग लगने के बाद कैसे रेस्क्यू किया जाता है इसके बारे में यहां प्रैक्टिस की गई। घायलों को निकालकर कैसे अस्पताल तक पहुंचाएं। इसके बाद पूरी बिल्डिंग को चैक किया गया, वहां से चार आतंकियों को भी पकड़ा है। सभी टीमों से रिपोर्ट भी ली गई। कलेक्टर आशीषसिंह ने बताया कि ब्लैक आउट के दौरान भी इसी तरह की मॉकड्रिल की जाएगी। यदि सरकार से दोबारा मॉक ड्रिल करने के निर्देश आते हैं तो दोबारा भी करेंगे।




लोगों को रस्सी के सहारे बाहर निकाला गया। घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया।



# सफलतापूर्वक सम्पन्न सिविल डिफेंस मार्क ड्रील

इंदौर। इंदौर में एक व्यापक, प्रभावी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का आकलन करना था। यह मॉक ड्रिल तीन चरणों में की गयी। मॉक ड्रिल के दौरान पूरे 12 मिनट का ब्लैक आऊट भी पूरे इंदौर में सफलतापूर्वक रहा।

मॉक ड्रिल के दौरान संभागायुक्त दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित सिंह और मनोज श्रीवास्तव, डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा,एडीएम रोशन राय सहित अग्निशमन, स्वास्थ्य, नगर निगम, आपदा प्रबंधन एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इंदौर में मॉक ड्रिल तीन चरणों में किया गया।

## उपचार व्यवस्था का अभ्यास

स्वास्थ्य विभाग के अमले ने मॉक ड्रिल के लिए अस्थाई अस्पताल बनाए थे। साथ ही अनेक घायलों को एमवाय अस्पताल में भी पहुंचा कर उनका इलाज प्रारंभ किया। इसके माध्यम से आपदा के हताहत लोगों के उपचार का भी अभ्यास किया गया।

## ब्लैक आउट भी हुआ सफलतापूर्वक

शाम 7.30 बजे ब्लैक आउट प्रारंभ हुआ। सायरन बजते ही सभी लाइट बंद हो गई। शहर में चलने वाले वाहन भी जहां थे, वहां लाइट बंद कर साइड में खड़े हो गए। पूरे शहर में 12 मिनट तक पूरी तरह ब्लैक आउट रहा। नागरिकों ने भी अपने घरों, प्रतिष्ठानों आदि की लाइट स्वैच्छा से बंद कर दी और दिए गए दिशा - निर्देशानुसार सभी खिड़की-दरवाजे बंद कर लाइट को बाहर नहीं आने दिया। चहुंओर अंधेरा ही अंधेरा दिखाई दिया।



## तत्काल और समन्वित कार्यवाही की प्रणाली को परखा

इस मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षण संस्थान,अन्य महत्वपूर्ण विभागों की सहभागिता रही। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य विभिन्न आपात स्थितियों जैसे हवाई हमले, अग्निकांड, विस्फोट या अन्य संकट की स्थिति में तत्काल और समन्वित कार्यवाही की प्रणाली को परखना था। साथ ही इसके माध्यम से नागरिकों में सुरक्षा संबंधी जागरूकता बढ़ाई गई और उन्हें संकट के समय क्या करना है, कैसे प्रतिक्रिया देना है इसका व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी प्रणालियों की प्रभावशीलता का परीक्षण, भारतीय वायु सेना के साथ संचार व्यवस्था की जांच, नियंत्रण कक्षों एवं छाया नियंत्रण कक्षों की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन, नागरिकों, छात्रों एवं स्वयंसेवकों को नागरिक सुरक्षा उपायों का व्यावहारिक प्रशिक्षण, आपात स्थिति में ब्लैक आउट और निकासी योजनाओं के क्रियान्वयन का आकलन, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा हेतु शीघ्र छिपाने की व्यवस्था का परीक्षण, नागरिक सुरक्षा सेवाओं, वार्डनों, अग्निशमन एवं बचाव दल की तत्परता की समीक्षा के साथ ही डिपो प्रबंधन, आपूर्ति व्यवस्था तथा राहत संचालन की प्रणाली का परीक्षण किया गया। कलेक्टर ने बताया कि मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक प्रभावी संचालन किया गया । मॉक ड्रिल में जिले के सभी हितधारकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके। मॉक ड्रिल में आपदा प्रबंधन की वास्तविक समय में परख की गई। उन्होने मॉक ड्रिल के सफलतापूर्वक संचालन के लिये सभी संबंधितों की सराहना करते हुये आभार व्यक्त किया।

# नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता है, प्रदेश में सफलतापूर्वक हुआ मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट का पूर्वाभ्यास : मुख्यमंत्री

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की राजधानी भोपाल सहित जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर और कटनी में केंद्र सरकार के निर्देशों के पालन में निर्धारित समय पर किए गए ब्लैक आउट और मॉक ड्रिल गतिविधियों की जानकारी संबंधित जिलों के कलेक्टर्स से प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलों के कलेक्टर्स के नेतृत्व में किए गए कार्य की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में आवश्यक प्रबंधन की तैयारी के लिए यह मॉक ड्रिल की गई। नागरिक सुरक्षा की प्राथमिकता और संकटकालीन परिस्थिति की चुनौती को देखते हुए इस तरह की मॉक ड्रिल के माध्यम से न सिर्फ आपदा प्रबंधन के अमले बल्कि नागरिकों को भी सजग और सतर्क करने के प्रयास आवश्यक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार शाम पुलिस मुख्यालय पहुंच कर सिविल डिफेंस कंट्रोल रूम से प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आपातकालीन स्थिति के लिए की गई मॉक ड्रिल की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। जानकारी दी



गई कि सभी जिलों में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार कार्यवाही संपन्न हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आज संपन्न मॉक ड्रिल और उसकी पूर्व की तैयारियों का विस्तृत विवरण दिया गया। पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे एन कंसोटिया, एडीजीपी श्री ए. साई मनोहर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पुलिस मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलेवार जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर्स ने बताया कि नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरी उपाय अपनाने के लिए जिलों के शिक्षित और सजग किया गया है। कलेक्टर भोपाल ने बताया कि निर्धारित समय पर समूचे शहर में प्रकाश व्यवस्था बंद करने की कार्रवाई की गई। ड्रोन द्वारा शूटिंग भी करवाई गई है। कलेक्टर जबलपुर ने बताया कि एक पुरानी बिल्डिंग से लोगों को बचाने की रेस्क्यू की कार्रवाई की गई। ब्लैक आउट की कार्यवाही भी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इंदौर कलेक्टर ने जानकारी दी कि मेडिकल कॉलेज के नजदीक एक भवन में अग्निकांड से बचाव की मॉकड्रिल की गई। आकस्मिक चिकित्सा केंद्र भी बनाया गया। ब्लैक आउट की कार्रवाई भी की गई। ग्वालियर कलेक्टर ने भी ब्लैक आउट और अन्य बचाव गतिविधियों के अभ्यास की जानकारी दी। कटनी कलेक्टर ने बताया कि निर्धारित 12 मिनट अवधि के लिए ब्लैक आउट किया गया। इसके अलावा रेस्क्यू कार्य का अभ्यास भी किया गया।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com